संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -104 बुधवार , 14 फरवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# प्रदर्शन कर रहे किसानों पर पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं

## संयुक्त किसान मोर्चा शामिल नहीं,चढूनी गुट भी दूर,कौन हैं किसान आंदोलन करने वाले संगठन

» हम सब एक हैं, जरूरत पड़ी तो होंगे शामिल; किसानों के दिल्ली कूच पर राकेश टिकैत

» पंजाब के करीब 50 किसान संगठनों ने फतेहगढ़ साहिब से दिल्ली के लिए कूच कर दिया है। सोमवार रात को 5 घंटे लंबी चली बातचीत के बाद भी सरकार से कोई सहमति नहीं बन सकी।




**नई दिल्ली,13 फरवरी 2024(ए)।**किसान आंदोलन ने अब हिंसक रूप ले लिया है। पंजाब एवं हरियाणा को जोड़ने वाले शंभू बॉर्डर पर किसानों ने पत्थरबाजी भी शुरू कर दी है। वहीं पुलिस की ओर से लगातार आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं। इस हिंसक कार्रवाई में करीब 13 लोग जख्मी हो गए हैं। यही नहीं किसानों ने बैरिकेडिंग भी उखाड़नी शुरू कर दी हैं। अब तक पुलिस बल उन्हें पंजाब की सीमा में ही रोके रखने में सफल रहे हैं, लेकिन हालात कभी भी बेकाबू हो सकते हैं। इस बीच यह मामला हाई कोर्ट भी पहुंचा है। हाई कोर्ट ने केंद्र एवं राज्य सरकारों को नसीहत दी है कि बल प्रयोग अंतिम विकल्प होना चाहिए और किसानों के साथ बैठकर मसले का हल निकालें। इसके अलावा आंदोलन से आम लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

बता दें कि सोमवार रात को 5 घंटे लंबी चली बातचीत के बाद भी सरकार से कोई सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद अब किसान दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। किसान फिलहाल 500 ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ दिल्ली के निकले हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग भी हैं। ऐसे में पुलिस के लिए इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर पाना भी आसान नहीं होगा। किसानों और पुलिस प्रशासन के बीच पहला मोर्चा अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर दिखेगा। यह हरियाणा एवं पंजाब के बीच सबसे प्रमुख बॉर्डर है।

### दिल्ली की ओर निकले किसान, घमासान का ऐलान; बोले- हम टाइमपास नहीं चाहते

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि सरकार तो हमारे साथ दुश्मन जैसा बर्तावा कर रही है। आंदोलन करना हमारा लोकतांत्रिक हक है, लेकिन हमें रोका जा रहा है। हमारे सोशल मीडिया अकाउंट्स बैन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा और पंजाब के बीच ऐसी किलेबंदी है कि लगता है ये दोनों भारत के राज्य नहीं हैं बल्कि अलग-अलग देश हैं।

### किसान आंदोलन की हुंकार से रुकी रफ्तार, 2 मेट्रो स्टेशन के गेट बंद

किसान संगठनों के नेता सरवन सिंह पंढेर समेत कई लोगों ने मीडिया से बात भी की। इन लोगों ने कहा कि सरकार ने एमएसपी कानून पर कोई ठोस वादा नहीं किया है। अब तक कमेटी गठित करने की ही बात हो रही है। यही बात तो दो साल पहले भी कही गई थी। उन्होंने कहा कि हम अब ऐक्शन चाहते हैं और सरकार को तुरंत नोटिफिकेशन जारी कर देना चाहिए। वहीं सरकार का कहना है कि एमएसपी लागू हुई तो उससे महंगाई में इजाफा होगा और देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी।

यह भारतीय इतिहास का काला दिन किसान नेता पंजाब किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने कहा, %यह भारतीय इतिहास का एक काला दिन है। किसानों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। हम यहां स्पीकर लगा रहे हैं और कल सुबह अपना कार्यक्रम फिर से शुरू करेंगे।

### किसान आंदोलन के बीच राहुल गांधी का ऐलान
### सत्ता में आए तो कांग्रेस देगी एमएसपी की कानूनी गारंटी



किसानों के आंदोलन के बीच राहुल गांधी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो हम एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, किसान भाइयों आज ऐतिहासिक दिन है! कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार ख्स्क्क की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है। यह कदम 15 करोड़ किसान परिवारों की समृद्धि सुनिश्चित कर उनका जीवन बदल देगा। न्याय के पथ पर यह कांग्रेस की पहली गारंटी है। किसान आंदोलन को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सरकार को नसीहत दी है कि बल प्रयोग अंतिम विकल्प होना चाहिए। अदालत ने मंगलवार को कहा कि किसानों और सरकार को बातचीत से मसले का हल निकालना चाहिए। इसके अलावा व्यवस्था खराब न हो, इसकी जिम्मेदारी भी सरकार की है।

### हम तो बस सरकार को याद दिलाने आए- जगजीत सिंह दल्लेवाल

एसकेएम(गैर-राजनीतिक) नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल ने किसानों के विरोध प्रदर्शन पर ताजा बयान दिया। उन्होंने कहा, हमारी ये मांगें नई नहीं हैं। सरकारों ने खुद इसकी प्रतिबद्धता दी थी। हमने तो बस सरकार को इसे बारे में याद दिलाने की कोशिश की है। मगर, उनकी ओर से गंभीरता नहीं दिखाई गई है। जब हम एमएसपी कानून की मांग करते हैं, तो उनकी प्रतिक्रिया अलग हो जाती है। जब हम कर्ज की छूट और स्वामीनाथन रिपोर्ट के बारे में बात करते हैं तो वे सहमत नहीं होते हैं।

### अनुराग ठाकुर बोले- किसान उठ कर चल पड़े तब भी...

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के बढ़ावे के लिए और किसान के कल्याण के बहुत सारे कार्य किए हैं। जब किसानों ने मांग रखी तब हमने चर्चा के लिए एक दम से सहमति जताई। इस बार भी हमारे केंद्रीय मंत्री चंडीगढ़ गए और कई घंटे तक वार्ता भी की, जब किसान उठ कर चल पड़े तब भी हमने कहा कि चर्चा को जारी रखिए। जब नए मुद्दे जुड़ते जाएंगे तो समय तो लगेगा। हमारा कहना है कि हम नए विषयों पर भी चर्चा करने के लिए तैयार हैं लेकिन इस पर अन्य लोगों से भी बात करनी पड़ेगी, क्या ये गलत हैं? मैं प्रदर्शनकारियों से कहूंगा कि हिंसा ना करें, उग्र ना हों। मैं किसान नेताओं से अनुरोध करता हूं कि कृपया करके बातचीत का दौर जारी रखें।

### किसान आंदोलन को लेकर राकेश टिकैत का बड़ा ऐलान

किसानों के दिल्ली कूच के बीच राकेश टिकैत ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार से हमारी अपील है कि वो किसानों से बात करें, उन्हें रोकने की कोशिश न की जाए। टिकैत ने कहा, वे किसान हैं और हमारी मांगें एक जैसी हैं। किसान कभी भी पीछे हटने वाले नहीं हैं और हमारा आंदोलन बंद नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम सब एक हैं और जरूरत पड़ी तो हम भी शामिल हो जाएंगे।

### कुरुक्षेत्र की सीमा पर तार की चादर, सड़कों पर कीलें

पंजाब और हरियाणा के कई क्षेत्रों से किसान दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं। इसे लेकर प्रशासन भी सतर्क नजर आ रहा है। खबबर है कि कुरुक्षेत्र में सीमेंट के स्लैब्स, कीलें, बैरिकेड्स, तार और अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंजाब के किसानों के चलते यह सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

### सरकार का अड़ियल रवैया ठीक नहीं

भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष और किसान नेता नरेश टिकैत ने सरकार पर अड़यिल रवैया रखने के आरोप लगाए हैं। दिल्ली चलो को लेकर उन्होंने कहा, अलग-अलग राज्यों की अलग-अलग मांगें हैं। लेकिन क्या किसानों को हमेशा प्रदर्शन करते रहना होगा, क्या उन्हें दिल्ली की ओर कूच करते रहना होगा? सरकार को इस ओर देखना चाहिए। यह अड़यिल रवैया किसी के लिए भी अच्छा नहीं है।

### चंडीगढ़ से दिल्ली तक का हवाई किराया 30 हजार रुपये हुआ, सड़क मार्ग बाधित

सड़क मार्ग बाधित होने से ट्रेनों में जगह नहीं है तो फ्लाइट का किराया आसमान छू रहा है। चंडीगढ़ से दिल्ली फ्लाइट का किराया बढ़कर 30 हजार रुपये तक पहुंच गया है। आम दिनों में यह तीन हजार रुपये होता है। मंगलवार दोपहर बाद की फ्लाइट का किराया 16 हजार रुपये से शुरू हो रहा है।

### किसान आंदोलन का असर, ट्रेनों में भीड़ हवाई किराया 10 गुना बढ़ा

किसानों के दिल्ली कूच रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेडिंग के चलते लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। चंडीगढ़-दिल्ली के बीच यात्रा में बेहद परेशानी आ रही है। इसी बीच शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मोहाली से चंडीगढ़-दिल्ली तक जाने वाले यात्रियों को मोटी रकम टिकट के रूप में चुकानी पड़ रही है।

किसानों ने शंभू बॉर्डर पर तोड़ डाले बैरिकेड, पुलिस दाग रही आंसू गैस की गोलियां, पर नाकाम हरियाणा और पंजाब को जोड़ने वाले शंभू बॉर्डर पर जुटे हजारों किसान बेकाबू हो गए हैं। इन किसानों ने सीमेंट के बने बैरिकेड्स ही तोड़ डाले।पुलिस फिलहाल आंसू गैस के गोले दाग रही है, लेकिन किसानों की भीड़ रुकने का नाम नहीं ले रही।

### आंदोलनकारी किसान रोके नहीं जा रहे, फिर भी पंजाब में हाई अलर्ट

पंजाब में आंदोलनकारी किसानों को हरियाणा बॉर्डर पर जाने से रोका नहीं जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी राज्य में हाई अलर्ट जारी किया गया है। किसी भी तरह की हिंसा न होने पाए। इसकी निगरानी के लिए 70 फीसदी पुलिस को फील्ड पर रहने का आदेश दिया गया है।

### शंभू बॉर्डर पर अब बरसने लगे पत्थर, अब तक 13 लोग जख्मी

शंभू बॉर्डर पर माहौल हिंसक हो गया है। अब किसानों ने पत्थरबाजी भी शुरू कर दी है। वहीं पुलिस की ओर से आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं, जिनमें 13 लोग जख्मी हो चुके हैं।

॥ष्ट पहुंचा किसान आंदोलन का मामला, अंतिम विकल्प होना चाहिए बल प्रयोग

किसान आंदोलन का मामला पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट पहुंचा है। अर्जियों पर सुनवाई करते हुए अदालत ने केंद्र एवं राज्य सरकारों को नसीहत दी है कि बल प्रयोग अंतिम विकल्प होना चाहिए। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार, पंजाब सरकार, दिल्ली सरकार और यूटी प्रशासन सहित दोनों किसान यूनियन को नोटिस जारी कर अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने केंद्र, हरियाणा सरकार और पंजाब सरकार को कानून व्यवस्था बनाए रखने और मिलकर इस मसले का हल निकालने का प्रयास करने को भी कहा है। बल प्रयोग ही अंतिम विकल्प होना चाहिए और जहां तक हो सके इससे बचना चाहिए। किसानों को धरना प्रदर्शन करने के लिए एक जगह सुनिश्चित करके देनी होगी। अगली सुनवाई वीरवार को होगी। मामले में दिल्ली सरकार को भी पक्षकार बनाया गया है।

### किसानों ने कई जगहों पर बैरिकेडिंग तोड़ी और ड्रोनों पर पत्थर बरसाए

शंभू बॉर्डर पर डटे हजारों प्रदर्शनकारी किसान हटने के लिए तैयार नहीं हैं। आंदोलनकारी किसानों ने बैरिकेडिंग्स को तोड़ा है और पत्थरबाजी भी कर रहे हैं। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं और पानी की बौछारे भी डाली जा रही हैं।

## जयाप्रदा को गिरफ्तार करने का निर्देश



**रामपुर,13 फरवरी 2024(ए)।** रामपुर की एमपी/एमएलए अदालत ने पुलिस अधीक्षक को अभिनेत्री से नेता बनी जया प्रदा को गिरफ्तार कर 27 फरवरी को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक को विशेष टीम गठित कर पूर्व सांसद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है।वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि पूर्व सांसद के खिलाफ सातवीं बार गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी वह सोमवार को सुनवाई के लिए कोर्ट नहीं पहुंचीं।

# तेजस्वी यादव को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

### मानहानि का मामला किया खारिज



**पटना,13 फरवरी 2024(ए)।** राजद नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ दायर मानहानि मामले को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने तेजस्वी यादव की उस याचिका पर अपना फैसला सुनाया, जिसमें उन्होंने कथित 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत को राज्य के बाहर किसी स्थान पर विशेषकर दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की थी। जस्टिस एएस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने आज यानी मंगलवार सुबह 10 .30 बजे अपना फैसला सुनाया. बता दें कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 29 जनवरी को तेजस्वी यादव को अपनी कथित टिप्पणी 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' को वापस लेते हुए एक 'उचित बयान' दाखिल करने का निर्देश दिया था।स तेजस्वी यादव ने 19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर अपनी कथित 'गुजराती ठग' टिप्पणी वापस ले ली थी. गुजरात अदालत ने अगस्त में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 202 के तहत तेजस्वी यादव के खिलाफ प्रारंभिक जांच की थी और एक स्थानीय व्यवसायी और कार्यकर्ता हरेश मेहता द्वारा दायर शिकायत पर उन्हें समन करने के लिए पर्याप्त आधार पाया था।शिकायत के अनुसार, तेजस्वी यादव ने मार्च 2023 में पटना में मीडिया से बात करते हुए कहा था वर्तमान स्थिति में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उनकी धोखाधड़ी माफ कर दी जाएगी. बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कथित तौर पर कहा था, 'अगर वे एलआईसी या बैंकों का पैसा लेकर भाग गए तो कौन जिम्मेदार होगा?'

## सिंगर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सुलतानपुर,13 फरवरी 2024(ए)।** सुलतानपुर में स्थानीय गायिका विजय लक्ष्मी उर्फ मल्लिका राजपूत (35) की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। गायिका का शव मंगलवार को कोतवाली नगर के सीताकुंड मोहल्ले में स्थित उनके घर के कमरे में पंखे से लटकता हुआ पाया गया। मल्लिका राजपूत की मौत के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली नगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।



मल्लिका की मां सुमित्रा सिंह ने कहा कि घटना कब हुई इस बारे में उन्हें पता नहीं चल सका। क्योंकि घर के सभी लोग अपने अपने कमरे में आराम कर रहे थे। कोतवाली नगर प्रभारी श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है।



# कर्नाटक में गुंडा राज्य... कांग्रेस सरकार मर गई या जिंदा है

### विधानसभा में बीजेपी के आरोपों पर तीखी नोकझोंक

**बेंगलुरु,13 फरवरी 2024(ए)।** कर्नाटक विधानसभा में मंगलवार को कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। राज्य में विपक्षी पार्टी भाजपा ने आरोप लगाया कि कर्नाटक गुंडा राज्य में बदल गया है। साथ ही सवाल किया कि कांग्रेस सरकार जिंदा है या मर गई।

### कर्नाटक विधानसभा में तीखी बहस

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता आर अशोक ने उनके विधायकों द्वारा दिए गए स्थगन नोटिस के आधार पर पहले कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करने की मांग की। इसके बाद सदन में नोकझोंक शुरू हो गई और कांग्रेस के सदस्यों ने भाजपा के आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई।

### भाजपा नेता ने राज्य में कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाया

विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि हाल ही में बेलगावी में महिला को निर्वस्त्र करके घुमाने, हावेरी सामूहिक दुष्कर्म, साइबर अपराध और आतंक संबंधी गतिविधियों जैसी घटनाओं से राज्य कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। इस पर चर्चा की जानी चाहिए। पिछले सत्र के दौरान इस मामले को सूचीबद्ध किया गया था, लेकिन चर्चा नहीं हो सकी।

### भाजपा के आरोपों पर क्या बोली सरकार?

विधानसभा में हंगामें को देखते हुए राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि सरकार विपक्ष द्वारा इस मुद्दे को उठाने के खिलाफ नहीं है, लेकिन इसे प्रश्नकाल के बाद उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति के आरोपों का जवाब देगी और %भाजपा शासन में हुई हत्याओं और असामाजिक तत्वों द्वारा सार्वजनिक रूप से हथियारों का इस्तेमाल कैसे किया गया÷ उसे भी उजागर करेगी।

आर अशोक के समर्थन में बोलते हुए भाजपा विधायक सुनील कुमार ने कहा कि यह मामला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि हावेरी सामूहिक दुष्कर्म मामले में उन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज गया, जो लोग शामिल नहीं था। भाजपा नेता ने कहा कि ठीक ऐसा ही मांड्या में हनुमा ध्वज फहराने के मामले में हुआ है। भाजपा नेता ने कहा कि ये सब देखकर लगता है कि राज्य में अराजकता का माहौल है।

# अशोक चव्हाण बीजेपी में हुए शामिल

**मुंबई,13 फरवरी 2024(ए)।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। इससे पहले मीडियाकर्मियों से बात करते हुए चव्हाण ने कहा कि वह अब बीजेपी के साथ अपनी नई राजनीतिक पारी की शुरुआत करेंगे।चव्हाण ने कहा, मैं आज दोपहर प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और आशीष शेलार की उपस्थिति में भाजपा में शामिल होऊंगा। उन्हें महाराष्ट्र से राज्यसभा के आगामी द्विवार्षिक चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में नामित किए जाने की संभावना है। 66 वर्षीय चव्हाण ने अचानक कांग्रेस पार्टी छोड़ दी और भोकर विधायक के रूप में भी इस्तीफा दे दिया, जों सके साथ वह 40 वर्षों से अधिक समय से जुड़े हुए थे।



## जेईई की कोचिंग कर रहे छत्तीसगढ़ के छात्र ने की आत्महत्या



**जयपुर,13 फरवरी 2024(ए)।** राजस्थान के कोटा में जेईई की कोचिंग कर रहे छत्तीसगढ़ के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने पुष्टि की कि शुभकुमार चौधरी सोमवार को मृत पाया गया। अधिकारियों ने बताया, सोमवार रात को छत्तीसगढ़ के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र दो साल से कोटा में रहकर जेईई की तैयारी कर रहा था। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स का परिणाम सोमवार रात घोषित कर दिया गया। इसके तुरंत बाद, छात्र ने आत्महत्या कर ली।

## संपादकीय

### बिहार की राजनीति में खेल अभी खत्म नहीं हुआ है

129 विधायकों के समर्थन से नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार विधानसभा में अपना बहुमत तो सिद्ध कर दिया, लेकिन खेला करने के दावों और प्रतिदावों के बीच खेल का रोमांच अंत-अंत तक बिल्कुल वैसे ही बना रहा, जैसे लास्ट बॉल तक चले क्रिकेट मैच में देखने को मिलता है।

आखिरकार जब विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 112 के मुकाबले 125 सदस्यों के बहुमत से पास हो गया, तभी स्थिति स्पष्ट हो पायी कि नीतीश सरकार के पास न केवल पर्याप्त बहुमत मौजूद है, बल्कि असली खेला राष्ट्रीय जनता दल के साथ हो गया है, क्योंकि उसके तीन विधायक नीलम देवी, चेतन आनंद और प्रह्लाद यादव सदन के अंदर एनडीए पक्ष के साथ खड़े नज़र आए।

एनडीए का समर्थन करने वाले तीन राजद विधायकों में से एक चेतन आनंद डीएम जी कृष्णैया हत्याकांड में उम्रकैद की सज़ा पाए बाहुबली आनंद मोहन के पुत्र हैं। आनंद मोहन को नीतीश सरकार ने पिछले ही साल बिहार जेल नियमावली 2012 में संशोधन करके रिहा कर दिया था।

चेतन आनंद रविवार देर रात तक अन्य राजद विधायकों के साथ तेजस्वी यादव के आवास पर ही थे, लेकिन उन्हें वहां से निकालने के लिए पुलिस के इस्तेमाल से एक बड़ा राजनीतिक खेल हुआ। चेतन आनंद के परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें तेजस्वी यादव के आवास पर जबरन रोका गया है, जिसके बाद पुलिस तेजस्वी यादव के आवास पर पहुंच गई। इसके बाद चेतन आनंद वहां से जो निकले, तो विधानसभा में एनडीए कैम्प के साथ खड़े नज़र आए। वे ठाकुर यानी राजपूत समुदाय से आते हैं और उन्होंने राजद से अपने निकलने का आधार ठाकुर स्वाभिमान को बनाया। गौरतलब है कि राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कुछ महीने पहले संसद में ठाकुर का कुआं नाम की एक कविता पढ़ी थी, जिससे राजपूत समुदाय के अनेक लोग काफी आहत महसूस कर रहे थे। एनडीए का समर्थन करने वाली दूसरी राजद विधायक नीलम देवी उस बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी हैं, जो फिलहाल जेल में बंद हैं और जिनके खिलाफ अनेकों संगीन मुकदमे दर्ज हैं। लिहाजा अपने बचाव की खातिर सत्ता का संरक्षण प्राप्त करना उनके लिए बेहद ज़रूरी है। पहले भी अनंत सिंह को नीतीश कुमार का बेहद करीबी समझा जाता था। यहां तक कि एनडीए-1 की सरकार के दौरान कई लोग उन्हें छोटे सरकार तक कहा करते थे। राजद को छोड़कर एनडीए का समर्थन करने वाले तीसरे विधायक प्रह्लाद यादव रहे, जो राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक सदस्यों में माने जाते हैं। हालांकि उनकी छवि भी एक दबंग विधायक की ही है और वे वर्तमान उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के इलाके से आते हैं। क्या उन्होंने विजय सिन्हा के प्रभाव के कारण एनडीए सरकार का समर्थन किया या फिर कोई अन्य डील हुई, यह अभी रहस्य के परदे में है। राजद ने भी खेला करने में कोई कसर नहीं छोड़ी केवल एनडीए ने ही राजद के तीन विधायक नहीं तोड़े, बल्कि ऐसा लगता है कि राजद ने भी एनडीए के कई विधायकों को तोड़ने की भरपूर कोशिशें कीं। जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी के कम से कम पांच विधायकों को लेकर अंत तक सस्पेंस बना रहा, और वे काफी देर से सदन में हाजिर हुए। इनमें से एक जदयू विधायक संजीव का पता लगाने के लिए तो नीतीश सरकार को पुलिस का सहारा लेना पड़ा। आखिरकार पुलिस की निगरानी में ही उन्हें पटना लाया गया। चर्चा गरम है कि राजद के साथ मिलकर वे जदयू के कई विधायकों को तोड़ने की फिराक में थे। उनके खिलाफ पटना के कोतवाली थाने में जदयू विधायक बीमा भारती और दिलीप राय के अपहरण का केस भी दर्ज कराया गया है। विश्वास मत के परीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चेतावनी भी दी है कि जिन लोगों ने भी उनके विधायकों की खरीद-फरोख्त करने की कोशिशें की हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# मौत को भी मात देकर आए आठ भारतीय सैनिक

### कतर से भारतीय आठ सैनिक रिहा, असर भारत की सफल कूटनीति का

कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेनिकों को 18 महीने बाद जेल से रिहाई की सोमवार को जैसे ही खबर आई तो सारा देश ही झूम उठा। कुछ समय पहले इन अधिकारियों की मौत की सजा को अलग-अलग अवधि की जेल की सजा में बदल दिया गया था। तब देश को कम से कम यह संतोष तो था कि चलो हमारे नागरिकों की जान तो बच गई, पर देश यह भी प्रार्थना कर रहा था कि कतर की जेल में बंद भारतीय नागरिक रिहा होकर सकुशल देश वापस आ जाएं।

बेशक, इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की विदेश नीति की बड़ी सफलता ही माना जाएगा कि कतर से फांसी की सजा घोषित हुए नागरिकों की आज रिहाई हो गई। वे सभी सकुशल और ससम्मान जनक तरीके से भारत की धरती पर वापस लौट आए। इस तरह से भारत की कुशल विदेश नीति को सारे संसार ने देखा और दांतों तले उंगलियाँ दबाकर आश्चर्य से देखते ही रह गये । अमूमन अरब देशों के शेख सामान्य तौर पर जासूसी के आरोप में सजा प्राप्त लोगों की सजा माफ नहीं करता

केन्द्र में मोदी सरकार के 2014 में गठन के बाद से भारत के अरब देशों के साथ संबंध लगातार सुधर रहे हैं। उसी के सार्थक परिणाम को भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और घर वापसी के रूप में देखा जाना चाहिए। अब कुछ ही दिनों के बाद अबू धाबी में सनातन संस्कृति का भव्य मंदिर भी दुनिया देखेगी।

अगर मोदी जी नहीं होते तो हम हिंदुस्तान की सरजमीं पर आज नहीं खड़े हो पाते'। अपनी रिहाई से खुश एक नौसैनिक ने भारत आने पर भारत मां की जय बोलते हुए कहा कि यदि नरेन्द्र मोदी ने खुद हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आज हमारी रिहाई संभव नहीं थी। यह बड़ी उपलब्धि भारत के शक्तिशाली नेतृत्व का प्रभाव प्रमाण है। यह कूटनीतिक जीत 140 करोड़ देशवासियों की जीत है।

आज प्रधानमंत्री मोदी की सफल विदेश नीति का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। देश किस तेजी से बदल रहा है, यह जानने को लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व छात्र नेता शेहला रशीद के उस बयान को देखना होगा। वो एक दौर में देश विरोधी शक्तियों के साथ जुड़ी हुई थीं। उन्होंने भी नौ सैनिकों की रिहाई के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷मौत की सजा से घर वापसी तक~ यह भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत है और इस तथ्य का प्रमाण है कि हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सक्षम हाथों में है। प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने फिर असंभव को संभव कर दिखाया है। शांत



रहें और विश्वास रखें. कतर से लौटे पूर्व नौसैनिकों के परिवार को बधाई।÷ तो आप समझ गए होंगे कि किस तरह से देश बदल रहा है।

दरअसल, कतर के दोहा के अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ काम करने वाले भारतीय नौसेना के इन पूर्व जवानों को पिछले साल 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने राहत दी थी। अदालत ने तब अक्टूबर 2023 में इन्हें दी मौत की सजा को कम करते हुए 3 साल से लेकर 25 साल तक की अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी।


कतर की जेल में बंद भारतीयों की रिहाई से साफ है कि अब जहां पर भी भारतवंशी या भारतीय संकट में होते हैं तो भारत सरकार हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठती। रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल स्टुडेंट यूक्रेन में फंस गए थे। उन्हें भारत सरकार सुरक्षित स्वदेश लेकर आई। भारत के हजारों विद्यार्थी यूक्रेन में थे। वे वहां पर मेडिकल,डेंटल, नर्सिंग और दूसरे पेशेवर कोर्स कर रहे थे। ये रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए वहां से निकल कर स्वदेश आना चाहते थे। पहले तो किसी को समझ ही नहीं आ रहा था कि इतनी अधिक संख्या में यूक्रेन की राजधानी कीव और दूसरे शहरों में पढ़ रहे भारतीय नौजवानों को स्वदेश कैसा लाया जाएगा। पर इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव है।

पिछले साल अफ्रीकी देश सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे भीषण गृहयुद्ध के चलते वहां हालात बद से बदतर हो गए थे। ऐसे में वहां फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने को लेकर सारा देश चिंतित था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूडान में फंसे भारतीयों को जल्द से जल्द निकासी के लिए विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश दिए। मतलब सरकार एक्शन मोड में आ गई। कुछ ही हफ्तों में वहां से सारे के सारे भारतीय सुरक्षित वापस स्वदेश आ गए।

अब अफगानिस्तान में गृहयुद्ध के दिनों को याद कर लें। भारतीय वायु सेना और एयर इंडिया के विमान लगातार अफगानिस्तान से भारतीयों को लेकर स्वदेश आते रहे थे। काबुल में जिस तरह के हालात बन गए थे उसमें सारे भारतीयों को लेकर आना कोई छोटी बात नहीं थी। इनको ताजिकिस्तान के रास्ते दिल्ली या देश के अन्य भागों में लाया जा रहा था। कुछ विमान कतर के रास्ते भी आ रहे थे। भारत के अफगानिस्तान में दर्जनों बड़े प्रोजेक्ट चल रहे थे, इनमें अफगानिस्तान को खड़ा करने के लिए भारत हर तरह की मदद भी कर रहा था। भारत के हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट भी इस अशांत माहौल में फंस गए । इनसे हजारों भारतीय जुड़े हुए थे। इन्हीं भारतीयों को निकाला जा रहा था। भारत की तरफ से अफगानिस्तान बांध से लेकर स्कूल, बिजली घर से लेकर सड़कें, काबुल की संसद से लेकर पावर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और हेल्थ सेक्टर समेत न जाने कितनी परियोजनाओं को तैयार किया जा रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान से देश के नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने और वहां से भारत आने के इच्छुक सिखों व हिंदुओं को शरण देने का अधिकारियों को निर्देश भी दे दिये। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के नियंत्रण के बाद भारत सरकार सक्रिय हो गई थी। जाहिर है, ये सब कदम उठाने के बाद भारतसरकार का इकबाल बुलंद हुआ। आप कह सकते हैं कि अब विदेश मंत्रालय हमेशा सक्रिय रहता है। अगर संकट भारत से बाहर रहने वाले भारतीयों पर आता है तो फिर इसके काम करने की गति कई गुना बढ़ जाती है।

**-आर.के. सिन्हा-**

# मनमानी पर अंकुश की जरूरत



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर, महाराष्ट्र

यहाँ में बात कर रही हूँ , महाराष्ट्र से जुड़ने वाले उस महामार्ग की जो की वर्ष 2022 में आदरणीय नितिन गडकरी जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में बन कर तैयार हुआ और वर्ष 2022 में ही जिसका उद्घाटन आदरणीय मोदी जी के कर-कमलों के द्वारा हुआ था । इस महामार्ग को नाम दिया गया समृद्धी अर्थात तरक्की, बढ़ोतरी पर ये क्या समृद्धि महामार्ग तो अपने ही नाम के विपरित दिशा में अग्रसर हो रहा है । मतलब की यहाँ समृद्धि तो हो रही है आर्थिक दृष्टिकोण से परंतु घटोती भी काफी दर में हुई है , अब आप सभी ये सोच रहे होंगे की मेरे लिखे भाव शब्द फालतू की बकवास है , पर ऐसा नहीं है जरा मेरी नज़रों से निहारें तो आपको समृद्धि के साथ-साथ घटोती का भी आभास होगा , घटोती देश कि आर्थिक उन्नति में नहीं बल्कि घटोती हो रही है उस हर एक परिवार के सदस्यों में से एक या अनेक की जिसकी समृद्धि महामार्ग पर यात्रा के दौरान हुए हादसे में मृत्यु हो गई । अब आपको समझ आई कि मैं आखिर क्या कहना चाहती या किस ओर ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ आप सभी का ?

वर्ष 2022 में बहुत ही पवित्र भाव और देश के हित को ध्यान रखते हुए साथ ही जनता को सफ़र के दौरान लगने वाले अधिक समय की बचत के लिए इस स्मृद्धि महामार्ग का निर्माण कार्य को पूर्ण कर विमोचन किया गया । बहुत ही खुशी का माहौल था तब , खुशी की बात तो आज भी है । परंतु फिर भी खुशी के पंखों को क्षण भर में जो खबरें काट देती हैं वो ख़बर है आए दिन समृद्धि महामार्ग में होने वाली जानलेवा दुर्घटना की । अभी तीन दिन पहले ही खबर पढ़ी थी कि एक घर का चिराग इस महामार्ग की सूली पर बलि चढ़ गया आज पुनः घर पर आने वाले दैनिक अखबार मे चौबीस घंटे में छः लोगों की दुर्घटना में चढ़ी बलि की खबर पढ़ी तो इस खबर ने मुझे झकझोर के रख दिया । अरे कब तक आखिर देश के इस महामार्ग में इंसानों कि बलियां इसी तरह चढ़ती रहेगी । क्या इस समस्या का कोई भी समाधान नहीं है ? जिस तरह महाराष्ट्र राज्य में विभिन्न शहरों को जोड़ जनता के समय बचाने के हित में समाधान समृद्धि महामार्ग के रूप में मिला था ठीक उसी प्रकार कोई तो समाधान निकाले हमारे देश को सुचारू रूप से चलाने वाले वरिष्ठ अधिकारी । हम सभी तो वरिष्ठ अधिकारियों के लिए हर एक फैसले को सहसम्मान मानते हैं जिस तरह परिवार का बच्चा अपने जनक के साए में रह कर उसी पर विश्वास रख उसकी ऊंगली पकड़ पहला कदम रख चलता है उसे यकीन है कि उसके जनक उसे गिरने नहीं देंगे तो हमारे देश को चलाने वाले , जो हमारे जनक के समान हैं वो कैसे अपनी जनता के हित में कोई समाधान नहीं लाए अब तक । क्या जनक अपनी संतान को इस तरह मरने दें सकते हैं ?

मानती हूँ , हमारे जनक अर्थात हमारे देश के अधिकारी हमें समय-समय पर गाइड लाइन दे रहे हैं । आगाह के संग आग्रह भी कर रहे की वाहन धीरे चलाएं , वाहन की गति सीमा भी तय की है । परंतु देश कि जनता नादान हैं या सही तौर पर कहें तो आज कि युवा पीढ़ी जो कि रफ ड्राइविंग को अपनी शान समझते हैं । ऐसे नवयुवा समझाने व विनम्र आग्रह पर नहीं समझ पाऐंगे वो सभी के भावों को । नवयुवाओं का भी दायित्व बनता है कि सरकार द्वारा समृद्धि महामार्ग के प्रयोग करने की गाइड लाइन को यात्रा पर निकलने से पहले अच्छी तरह पढ़ लें । इतने साफ-साफ सरल शब्दों में समझाया गया है कि चालक गण गाड़ी की रफ्तार 120 से अधिक नहीं रखें फिर भी चालक गण या ये कहें की नवयुवा अपने दोस्तों या अन्य लोगों के समक्ष अपने आपको जताने या इठलाते हुए बहुत ही गति देते हुए गाड़ी चलाते हैं ये गति 150 गति से भी अधिक होती है जिसके चलते मोड़ आने पर या सामने से आ रही गाड़ी को देख भी नियंत्रण खो बैठता गाड़ी की गति से और फिर क्या हो जाते हादसे का शिकार वो भी भयावह हादसा जो देखने वाले की रूह को कंपा दे । एक नियम यह भी है कि हर पचास से सौ किलोमीटर की यात्रा तय होने पर बीच-बीच में अपने वाहन में लगे चक्कों (पहियों) का निरीक्षण करें या करवाएं ताकि रोड और गाड़ी के चक्कों में होने वाले घर्षण से हवा का दबाव कहीं फैल नहीं गया पर अन्य इस तरह की बहुत सी सावधानियों को रखते हुए सिर्फ अपने मौज नहीं बल्कि सभी का ध्यान रखते हुए वाहन चलाते हुए अपनी यात्रा को बीच-बीच में विराम देते हुए खुशी से सफल बनाते हुए गंतव्य स्थान पर पहुंचना चाहिए । यहां हमारी भी तो जिम्मेदारी बनती है की नहीं ? सरकार ने हमारी और देश कि खुशहाली के लिए समृद्धि मार्ग का निर्माण करवाया न की दिखावे और अपने आपको गाड़ी चालक के रूप में श्रेष्ठ तेज गतिवान चालक जाहिर कर अपनी मनमानी के लिए । अपनी जिम्मेदारी भी समझें आम जनता । खैर मुझे नहीं लगता की जनता समझाने पर भी कुछ समझ पाएगी ये जनता उस अबोध बालक की तरह है जिसे कभी-कभी कड़े नियम सख्ती से समझाना पड़ता है । इस लिए देश की सरकार से ही अनुरोध है कि कोई ऐसी तरकीब या कोई कड़ा कदम उठाए ताकि देश की शान कहे जाने वाले समृद्धि महामार्ग पर होने वाले भयावह हादसों पर नियंत्रण किया जा सके यदि अभी ध्यान नहीं दिया तो कहीं ऐसा ना हो जाए कि समृद्धि महामार्ग हादसों के शिकार नामक मार्ग से न जाना जा सके । बच्चे कहें या जनता कहें जो समझें आप देश के वरिष्ठ पदाधिकारी आप को घर को सुचारू रूप से सही निर्णय लेना ही पड़ेगा । ताकी जिस आर्थिक उद्देश्य से महामार्ग का निर्माण हुआ वही उद्देश्य कायम रहे ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# बसंत ऋतु के आगमन की सूचक है बसंत पंचमी



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी 'बसंत पंचमी' के रूप में देशभर में धूमधाम से मनाई जाती रही है, जो इस वर्ष 14 फरवरी को मनाई जा रही है। माना जाता है कि यह दिन बसंत ऋतु के आगमन का सूचक है। शरद ऋतु की विदाई और बसंत के आगमन के साथ समस्त प्राणीजगत में नवजीवन एवं नवचेतना का संचार होता है। वातावरण में चहुं ओर मादकता का संचार होने लगता है। प्रकृति के सौंदर्य में निखार आने लगता है। शरद ऋतु में वृक्षों के पुराने पत्ते सूखकर झड़ जाते हैं, लेकिन बसंत की शुरुआत के साथ ही पेड़-पौधों पर नयी कोंपलें फूटने लगती हैं। चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं, धरती का वातावरण महकने लगता है। बसंत पंचमी के ही दिन होली का उत्सव भी आरंभ हो जाता है और इस दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है।

साहित्य और संगीत प्रेमियों के लिए तो बसंत पंचमी का विशेष महत्व है, क्योंकि यह ज्ञान और वाणी की देवी सरस्वती की पूजा का पवित्र पर्व माना गया है। बच्चों को इस दिन से बोलना या लिखना सिखाना शुभ माना गया है। संगीतकार इस दिन अपने वाद्य यंत्रों की पूजा करते हैं।

ऐसी मान्यता है कि इसी दिन विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती अपने हाथों में वीणा, पुस्तक व माला लिए अवतरित हुई थी। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में इस दिन लोग विद्या, बुद्धि और वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा-आराधना करके अपने जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने की कामना करते हैं। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने बसंत पंचमी के दिन ही प्रथम बार देवी सरस्वती की आराधना की थी और कहा था कि अब से प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा होगी और इस दिन को मां सरस्वती के आराधना पर्व के रूप में मनाया जाएगा।

प्राचीन काल में बसंत पंचमी को प्रेम के प्रतीक पर्व के रूप में 'वसंतोत्सव', 'मदनोत्सव', 'कामोत्सव' अथवा 'कामदेव पर्व' के रूप में मनाए जाने का भी उल्लेख मिलता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी दिन कामदेव और रति ने पहली बार मानव हृदय में प्रेम की भावना का संचार कर उन्हें चेतना प्रदान की थी, ताकि वे सौन्दर्य और प्रेम की भावनाओं को गहराई से समझ सकें। इस दिन रति पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि कामदेव ने बसंत ऋतु में ही पुष्प बाण चलाकर समाधिस्थ भगवान शिव का तप भंग करने का अपराध किया था, जिससे क्रोधित होकर उन्होंने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से कामदेव को भस्म कर दिया था। बाद में कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना और विलाप से द्रवित होकर भगवान शिव ने रति को आशीर्वाद दिया कि उसे श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में अपना पति पुनः प्राप्त होगा।'बसंत पंचमी' को गंगा का अवतरण दिवस भी माना जाता है। इसलिए धार्मिक दृष्टि से बसंत पंचमी के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व माना गया है। बसंत पंचमी को 'श्री पंचमी' भी कहा गया है। कहा जाता है कि इस दिन का स्वास्थ्य वर्षभर के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। अतः इस पर्व को स्वास्थ्यवर्धक एवं पापनाशक भी माना गया है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## सुध्घर बगरे बसंत हे

गीत म, संगीत म, मनखे के पिरीत म,
मन म, जीवन म, आनंद-ही-आनंद हे।
खेत म, खार म, रूख-राई के डार म,
बाग म, राज म, सुध्घर बगरे बसंत हे।।
इंद्रधनुषी जम्मों फूल के गुरतुर रस ल,
तितली, भौंरा अउ चिरई मन ह चूहके।
सुआ अउ मैना ल मया करत देख-देख,
आमा पेड़ म कोयली कुहू-कुहू कुहके।।
पिंयर रंग के सरसों, राहेर फूले हवय,
सादा के मोंगरा, मंदार अउ कुसियार।
बोइर, बिही, अरम पपई के फर गदरागे,
कउंवा भगनहा पुतला लगे हे रखवारे ।।
धान के कलगी खोंचे, माथा गहूं पटिया,
गला म चंदैनी-गोंदा के सुर्रा हे मनोहारी।
जवा फूल के नांगमोरी, बंभरी बीजा सांटी,
भुईयां महतारी सजे-धजे लागे फुलवारी।।



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली, छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## वेलेंटाइन डे

वेलेंटाइनडे का करें हम बहिष्कार।
क्योंकि यह नहीं है हमारा त्यौहार।।
अपने देश में नहीं मानने का है यह रिवाज।
अपनी संस्कृति और सभ्यता पर करे नाज।।
युवा प्यार के चक्कर में कभी न पड़े।
अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़े।।
वर्तमान का सुख भविष्य में कष्ट देगा।
ये तुम्हारे कैरियर को बर्बाद कर देगा।।
आज के युवाओं में चल रहा है यह बुखार।
विदेशी कंपनियां कर रहे हैं इसका व्यापार।।
इसके बदले करे मातृ पितृ का वंदन।
इस दिन माता-पिता का करे पूजन ।।
पुलवामा में इस दिन शहीद हुए कई जवान।
सच्ची श्रद्धांजलि देकर करे उन्हें हम प्रणाम।।



**श्याम सुंदर साहू**
प्राचार्य राजिम
गरियाबंद(छ.ग)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## सरस्वती वंदना

नमस्ते शारदे देवी सरस्वती मति प्रदे,
वसत्व मम जिह्वाग्रे सर्व विद्या प्रदा भव~ ।
माघ मास शुक्ल बसंत पंचमी पर ,
हुआ अवतरण शक्ति का धरा पर जगमग ज्योति ब्रह्मांड में एक आई ,
ब्रह्मा की सृष्टि में संगीत भरा, अंबे ने वीणा मधुर बजाई ।
सात स्वरों का ज्ञान देती है भगवती वागवादिनी माई,
अमृत भरती जीवन में सबके जगदंबे विमल मति प्रदाई ।
वीणा पुस्तक धारिणी, नदियों की अधिष्ठात्री देवी मेरी हंस वाहिनी माई,
त्रिभुवनेश्वरी, सिद्धिदात्री, बुद्धिदात्री, नीलकंठ की करे सवारी महामाई ।
कमलासीन, धवल वस्त्रों वाली, जिनके हाथों में स्फटिक माला सोहे महासरस्वती कहलाई,
ऋषि, मुनि, नारद, देवी देवता, मानव धरते ध्यान देवी का, सब वेद-पुराण स्तुति गाई ।
प्रकृति ने भी पूजन में मईया के, पीली घटा बिखराई,
कण-कण में भरा आनंद, बसंती बयार लहराई ।
रंग बिरंगी तितलियां उड़-उड़ कर बागों में इधर-उधर मंडराई,
भंवरे भी डोल रहे फूलों पर मकरंद पान कर मधुर स्वर गुंजन गाई ।
शब्दों में शक्ति नाद है भरती मेरी वागेश्वरी माई,
कृपामयी, करुणामई देवी भक्तों पर सदैव सुधा सरस बरसाई ।
हर अंधकार को हर कर जीवन में मेरे ऐश्वर्य,
सौभाग्य, सुख-सम्पत्ति,भक्ति -शक्ति ज्ञान यश,
कीर्ति प्रदान करो कर जोड़कर करें विनती राजराजेश्वरी माई,
अपराध क्षमा कर दो सारे मेरे ,प्रसन्न हो मुझ पर मेरी जगदंबे महामाई ।



**मोनिका डागा**
आनंद,चेन्नई
तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# आखिर मानने में हर्ज क्या है ?

### जनांदोलनों को दबाएं नहीं,सुलझाएं जायज हो तो स्वीकार करो अन्यथा..



**कृष्ण कुमार निर्माण**
करनाल, हरियाणा।

कमेटी,कमेटी आखिर कब तक कमेटी,निर्णय क्यों नहीं?कीलें जिंदाबाद।अस्थाई मगर पूरी तरह से पक्की दीवार जिंदाबाद ताकि कोई दिल्ली में किसान-मजदूर,कर्मचारी और इनका समर्थन करने वाले ना घुस सकें क्योंकि दिल्ली सबकी नहीं है।दिल्ली अभिजात्य वर्ग की है,किसान-मजदूर का वहाँ क्या काम? इसलिए साम-दाम दंड भेद रोकिए! क्योंकि यह सत्य और तथ्य है कि जिस दिन वास्तव में इस देश का किसान-मजदूर,कर्मचारी,ग्रामीण गरीब महिला,छात्र,रेहड़ी-फड़ी वाले,झुग्गी-झोंपडी वाले,ऑटो-रिक्शा चालक,छोटे दुकानदार,छोटे व्यापारी,जनवादी किस्म लोग दिल्ली पहुँच गया,उसी दिन सत्ता में बैठे लोगों और सत्ता के लिए लड़ रहे लोगों के पैरों तले की जमीन खिसक जाएगी क्योंकि असली रामराज्य,असली सुराज,असली जनराज केवल यही लोग ला सकते हैं क्योंकि यही लोग किसान-मजदूर और कर्मचारी देश की रीढ़ है।एक पेट भरता है और एक पेट भरने की पूरी प्रक्रिया में अपना सर्वस्व देता है और एक पेट भरने के बाद कि तमाम जरूरतों को पूरा करता है।मगर इसे दुर्भाग्य कहिए कि ये तीनों ही हर बार प्रताड़ित होते हैं,हर बार ठगे जाते हैं,बार-बार ठगे जा रहे हैं और कभी-कभार जागते हैं तब कीलें जिंदाबाद बोलती हैं,सिमेंटिड दीवार जिंदाबाद बोलती हैं। सड़कें,कंकरीट,कंटीली तारें इंकलाब का राग गाने लग जाती है। डरती हैं तो सिर्फ सरकारें,मठाधीश,सत्ताधीश,तथाकथित वो लोग जो जनता को बहकाते हैं,भरमाते हैं और ऐसे लोग वो हरसंभव प्रयास करते हैं कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है,इसलिए उनके प्रयास होते हैं कि जनता ना आए क्योंकि जब जनता आएगी और इंकलाब का नारा लगाएगी तो सत्ता को सिंहासन से उतरना होगा वरना उतार दी जाएगी?असल बात क्या है?असल बात यह है कि अपने-अपने समय पर सत्ता में बैठे लोग कभी भी जनमुद्दों पर जबाब नहीं दे पाते,चाहे फिर सत्ता में कोई भी बैठा हो?सबका चरित्र एक ही रहा है बेशक चेहरा अलग-अलग रहा हो।वरना ऐसी क्या मांग है किसानों की,जो पूरी किया जाना संभव ना हो,छोटी-मोटी मांग ही तो हैं और एमएसपी की मगर हर नेता,हर पार्टी सिर्फ भाषण दे सकती हैं,वायदा कर सकती है लेकिन लागू नहीं करेगी जबकि किसी मान-सम्मान का मतलब केवल यही होता है कि जिसका मान-सम्मान हम कर रहें हैं,उसकी कही बातों को भी मानते हैं,उसके द्वारा की गई सिफारिश को भी मानते हैं,मगर हाय!रे राजनीति?यह हाल तमाम पार्टियों और




नेताओं का है। जितनी मशक्कत रास्ते रोककर,कीलें ठोककर,दीवारें चिनवाकर किसानों को दिल्ली पहुँचने से रोकने की हो रही हैं,उससे तो अच्छा यह था कि सीधा एमएसपी को लीगल गारंटी बनाकर ही किसानों को दिल्ली पहुँचने से रोक दिया जाता? मगर यह तो मंजूर नहीं ना?मजदूर क्या चाहता है सिर्फ मजदूरी और उस मजदूरी की साल भर में मनरेगा के तहत तीन सौ दिन की कानूनी मौलिक अधिकार वाली गारंटी और मजदूरी एक दिन की केवल सात सौ रुपये,क्या दिक्कत है इसमें,कौनसी आफत आ जाएगी,कौनसा पहाड़ टूट जाएगा इसमें,मगर सत्ताएं बदली पर उनका चरित्र नहीं बदला?क्या मांगते है कर्मचारी?पुरानी पेंशन की बहाली की मांग ही तो कर रहे हैं,सिर्फ यही तो मांग है कि तमाम सार्वजनिक विभागों का निजीकरण रोको और सार्वजनिक विभागों का विस्तार करो,सिर्फ यही तो मांग है कि देश भर के तमाम विभागों में खाली पड़े पदों पर नियम से तय समय सीमा में स्थाई सरकारी भर्ती करो और कम से कम वेतनमान पचास हजार लागू करो,तमाम तरह के तमाम कच्चे कर्मचारियों को पक्का करो।सोचिए जरा !क्या खाली पदों पर भर्ती की मांग करना अनुचित है,क्या सार्वजनिक विभागों का निजीकरण रुकवाना नाजायज है,क्या न्यूनतम वेतन की मांग करना तर्कहीन है,क्या कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने की मांग औचित्यहीन है।जबकि हम तो विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और तीसरी बनने जा रहे हैं।सवाल बहुत जायज हैं बस दरकार है इन्हें लागू करने की।जब-जब भी जनांदोलन हुए हैं,किसी भी जनांदोलन ने कुरसी नहीं मांगी तभी तो वो गाना आज भी मौजूं है कि हम मेहनतकश दुनियावालों से जब अपना हिस्सा मांगेंगे,एक खेत नहीं,एक बाग नहीं,हम सारी दुनिया मांगेंगे क्योंकि यह कोई खैरात नहीं बल्कि हमारा हक़ है,अधिकार है,जिसे हमने अपने खून-पसीने से सींचा हैं।लेकिन यहाँ आंदोलनकारियों को भी सजग व सचेत रहने की जरूरत है कि उनका आंदोलन कानून के दायरे में ही रहे,सार्वजनिक संम्पति को नुकसान न पहुँचाया जाए,कोई भी ऐसी अप्रिय घटना ना हो,जो किसी को भी उंगली उठाने के लिए विवश कर दे,कोई ऐसा ब्यान ना आए,जो कुछ और साबित करे।उधर तथाकथित गोदी मीडिया को चाहिए कि किसी भी जनांदोलन को किसी अन्य नजरिए से ना देखे बल्कि सच दिखाए,सच बताए।यकीनन यह सब लोग चाहते हैं कि सत्ता पर कोई आए मगर व्यवस्था परिवर्तन हो और व्यव्यस्था ऐसी हो कि हर हाथ को रोजगार मिले, शिक्षा,स्वास्थ्य,सुरक्षा हो,सार्वजनिक विभाग बढ़े,न्याय सर्वसुलभ हो,मजदूर को मजदूरी मि गारंटी हो,किसान मो उसकी फसल का उचित मूल्य मिले आदि-आदि।वैसे सुना तो यह भी है कि देश में पहली बार देश भर के किसान-मजदूर और कर्मचारी मिलकर सौलह फरवरी को भारत बंद/हड़ताल करने जा रहे हैं।उचित,समुचित और न्यायसंगत यही है कि इनकी समस्याओं का समाधान किया जाए,वार्ता के माध्यम से इनकी मांगों को लागू किया जाए,ना कि चूसने वाली मीठी गोली दी जाए,जबकि वार्ता हुई भी है मगर वार्ता में जिद्द नहीं बल्कि समाधान निकालने की कोशिश हो और यकीनन भरोसा भी इस जनता का आप पर है।अतः मानिए और भगत सिंह जैसे शहीदों का सपना साकार कीजिए ताकि सरकारों का बुलंद जिंदा रहे,अवाम खुशहाल रहे।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## इसका मत

गैर ज्वलनशील स्ट्रीट लाइट
जलता हुआ
ऐसे पाइप में पीने का
पानी जो बढ़ता नहीं है
पानी आ रहा है
ऊबड़-खाबड़ सड़कें
मरम्मत की जाती है
अन्य स्थानों पर
किसी तरह मुझे नहीं पता
लेकिन....हमारे शहर में
अगर ऐसा आता है
चुनाव आ रहा है इसका मत...



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई
तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# शहर में पहुंचते ही राहुल का हुआ भव्य स्वागत...





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

कांग्रेस के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को अम्बिकापुर पहुंच गई है। बिलासपुर चौक पर दोपहर 12 बजे यात्रा का स्वागत युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया।

मंगलवार सुबह राहुल गांधी ने सरगुजा जिले के उदयपुर के रामगढ़ से यात्रा की शुरुआत की। यात्रा का लखनपुर, मेन्ड्राकला, साँड़बार सहित जगह जगह जमकर स्वागत किया गया। सड़क किनारे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन राहुल की इस यात्रा को देखने स्वफूर्त ही शामिल हुए।राहुल गांधी को देखने और यात्रा के इंतजार में उदयपुर, लखनपुर और अंबिकापुर के बिलासपुर चौक में सुबह से ही लोगों का जमावड़ा लग गया है। सड़क के दोनों ओर



पुलिस ने बैरिकेड्स लगाए हैं। उसके पीछे बड़ी संख्या में लोग खड़े होकर अपने नेता का इंतजार कर रहे थे।

### मेंड्रा कला स्थित कृषि उपज मंडी समिति में किसानों से की बात

कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी ने मेंड्रा कला स्थित कृषि उपज मंडी समिति में किसानों से बात की।राहुल गांधी ने सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों को लागू करने करने का भरोसा दिया। किसानों की बात को वे संसद में भी उठाएंगे। किसानों ने श्री गांधी को सरगुजा और छत्तीसगढ़ के चावल की विभिन्न किस्मो को उपहार स्वरूप भेंट किया।

### 2 घण्टे की ताइक्वांडो की प्रैक्टिस

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने शिवनगर कैम्प में सरगुजा के उभरते ताइक्वांडो खिलाड़ियों के साथ सोमवार शाम करीब दो घण्टे ताइक्वांडो की प्रैक्टिस की। ज्ञात हो राहुल गांधी स्वयं मार्शल आर्ट के मंजे हुए खिलाड़ी हैं।उन्हें ब्लैक बेल्ट हासिल है।

### अचानक खड़गे का स्टेज पर फंसा पांव

स्टेज पर पहुंचने के बाद राहुल गांधी के आगे-आगे कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे चल रहे थे। दोनों मंच पर मौजूद लोगों का हाथ जोडक़र अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक खडगे का पांव स्टेज पर फंस गया और और वे लडख़ड़ाकर गिरते-गिरते बचे। इस दौरान पीछे से राहुल गांधी व अन्य नेताओं ने उन्हें संभाला। इसके बाद सब अपनी-अपनी कुर्सी पर विराजमान हुए।

# एमएसपी की परिभाषा नहीं है मोदी सेलिंग प्राइस : जयराम रमेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

13 फरवरी किसान न्याय का दिन है, क्योंकि दिल्ली में किसान और किसान संगठनों पर अन्याय हो रहा है। कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है। सरकार बनते ही एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। उक्त बातें आज अंबिकापुर के नारायणी परिसर में पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार भी मौजूद रहे।

जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी अंबिकापुर में किसानों से मुलाकात कर रहे हैं। ये तब है जब पंजाब, हरियाणा और यूपी से किसान दिल्ली पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी ने किसान कानून वापस लिया था, तब 3 वादे किए थे। इसमें स्वामी नाथन की सिफारिश लागू करने और एमएसपी लागू महत्वपूर्ण है जो आज तक नही किया जा सका है। इंडिया गठबंधन के ज्यादातर साथी साथ छोड़ रहे हैं इस सवाल पर जयराम रमेश ने कहा कि सिर्फ 2 पार्टियों ने पलटी किया है। एक तो पलटी कुमार हैं आप जानते ही हैं उसने उम्मीद भी वही थी। दूसरी आरएलडी, चौधरी चरण सिंह के भारत



रत्न की घोषणा के बाद उन्होंने भी कुछ और निर्णय लिया है। इंडिया गठबंधन की 28 पार्टियों में सिर्फ 2 पार्टियां ही गई हैं बाकी 26 हमारे साथ हैं। कांग्रेस मजबूत है व हमारा गठबंधन भी मजबूत है। उन्होंने कहा कि एमएसपी की परिभाषा मोदी सेलिंग प्राइस नहीं है बल्कि एमएसपी की परिभाषा है मिनिमम स्पोर्ट प्राइस। आज राहुल गांधी किसान संगठनों से लगातार मुलाकात कर रहे हैं और यही बातें उठ रही हैं, न्यूनतम समर्थन मूल्य, किसान कर्जा माफी, प्रधानमंत्री फसल बीमा।

### केंद्र सरकार किसानों पर कर रही अत्याचार

कन्हैया कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है। आसूं पोछने की जगह आंसू गैस छोड़ रही है। हमारी सरकारी आएगी तो एमएसपी का कानूनी अधिकार देंगे। केंद्र सरकार 1400 करोड़ रुपए चंद आकाओं का कर्ज माफ कर सकती है लेकिन किसानों का नहीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा किसानों के हित में है।

# राहुल गांधी का उदयपुर में लोगों ने किया अभूतपूर्व स्वागत

- » हजारों लोग अपने नेता को देखने सड़क के दोनों ओर खड़े हुये कतार बद्ध
- » पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था
- » विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार कांग्रेस कार्यकताओं ने दिखाया दम

- संवाददाता -
उदयपुर, 13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

रायगढ़ के रास्ते छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से होकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शिवनगर सूरजपुर से सरगुजा जिला के उदयपुर पहुंची जहां हजारों की संख्या में मौजुद कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिकों ने राहुल गांधी और टीम कांगेस के लोगों का भव्य स्वागत किया । उदयपुर के लोग सुबह 8 बजे से अपने नेता का इंतजार कर रहे थे लगभग डेढ़ घंटे के इंतजार के बाद सुबह 9.30 बजे करीब राहुल गांधी का




काफिला उदयपुर पहुंचा उनके साथ लाल कलर की खुली जीप में सचिन पायलट और पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव मौजूद रहे। हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुये राहुल गांधी ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुये दिल से धन्यवाद जताया और कहा पूरे देश भारत जोड़ो यात्रा का हमारा लक्ष्य था जो देश में नफरत फैलाई जा रही है हिंसा फलाई जा रही है उसके खिलाफ हम लोगों को सुने और नफरत को मोहब्बत से काटे, नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता है । इसलिए हमने नारा दिया नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना। पिछ्ली यात्रा में हमने चार हजार किलोमीटर की यात्रा की इस यात्रा से हमें पता चला की हिंसा का कारण अन्याय है, देश में आर्थिक अन्याय सहित अलग अलग अन्याय हो रहे है।

उन्होने आरोप लगाया की चाहे एयरपोर्ट, पोर्ट इन्फ्रा स्ट्रक्चर या जंगल हो जहां भी हिंदुस्तान में कोई धन है वो सरकार अदानी जी के हवाले कर दी । आपको आदिवासी क्यों कहा जाता है पूछते हुये उन्होने ग्रामीणों के बीच से एक आदिवासी युवक को अपने बगल में बैठाया फिर आदिवासियों के बारे में विस्तार से बात की और कहा बीजेपी कहती है आप आदिवासी नहीं वनवासी हो। आदिवासियों दलितों पिछड़ों की आबादी के हिसाब हिस्सेदारी 73 प्रतिशत है फिर भी हिन्दुस्तान के 200 बड़ी कंपनियों के मालिकों में एक भी आदिवासी नहीं है इसी तरह से आंकड़ों की बात करते हुये जीएसटी और नोटबंदी पर भी बहुत सी चर्चाएं की और इनका फायदा बड़ी कम्पनियों को होने का आरोप लगाया है। चंद मुट्ठी भर लोगों की गिरफ्त से निजात दिलाने की बात कहते हुए न्याय यात्रा को जारी रखने की बात भी उन्होंने कही। रैली के आगमन से पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सिद्धार्थ सिंहदेव शेखर सिंह देव, राजीव सिंह ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में रोहित टेकाम, राम सिंह, भोजवंती सिंह, नीरज मिश्रा विभा सिंह, द्वारिका यादव, जगदीश जायसवाल, बबन रवि तथा अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को एकजुट कर कार्यक्रम स्थल तक लोगों को लाया गया।

पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ आदितेश्वर शरण सिंहदेव ने भी कार्यकर्ताओं और आम लोगों का अभिवादन किया।

कार्यक्रम स्थल पर अलग अलग गांव से आए शैला नृत्य दल के लोगों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया और अपने नेता आने तक लोगों को बांधे रखा ।

सुरक्षा की दृष्टि से जगह जगह पुलिस बल तैनात किए गए थे पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल स्वयं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार , एस डी ओ पी अखिलेश कौशिक, और थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# अंग्रेजी शराब का जखीरा परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

- » पिकप वाहन सहित 44 पेटी अंग्रेजी शराब, कीमती करीब 2 लाख, 27 हजार किया बरामद

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

अवैध तरीके से पिकप वाहन में अंग्रेजी शराब का परिवहन करते वाड्रफनगर चौकी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने पिकप वाहन सहित 44 पेटी अंग्रेजी शराब, कीमती करीब 2 लाख, 27 हजार का बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को दोपहर में मुखबिर ने चौकी प्रभारी वाड्रफनगर को सूचना दी कि मध्य प्रदेश के जिला बैढ़न होते हुये चपकी, बभनी, धनवार, बसंतपुर के रास्ते से वाड्रफनगर की ओर एक सफेद रंग की महिन्द्रा पिकप क्र यूपी 64 व्हीटी 3738 में अवैध रूप से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब व बियर बिक्री के लिए परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर चौकी प्रभारी पुलिस स्टॉफ के साथ बस स्टैंड वाड्रफनगर पहुंचे। बस स्टैंड के पास उक्त पिकप



वाहन का चालक पुलिस की गाड़ी को कट मारते हए भागने लगा। वाहन का पुलिस ने जब पीछा करते हुए रजखेता के रास्ते 100 बिस्तरीय अस्पताल के घेराबंदी कर पकड़ा।

पिकप चालक ने पूछताछ में अपना नाम रमजान अंसारी पिता बकरीदन, 27 वर्ष निवासी ग्राम महेवा, वाड्रफनगर बताया और वाहन सवार एक अन्य व्यक्ति ने अपना नाम रहमान पिता बकरीदन अंसारी 20 वर्ष ग्राम महेवा, वाड्रफनगर होना बताया। चालक रमजान ने पिकप के ट्राली को खोल कर दिखाया तो उसमें 33 नग कार्टून में गोवा व्हीस्की, डबल रिचार्ज कम्पनी का व्हीस्की प्रत्येक कार्टून में 50 नग प्रत्येक, आठ नीले कार्टून में ली माउन्ट प्रीमियम कंपनी का बियर बरामद किया गया। जबकि पिकप के केबिन वाले हिस्से रहमान पिकप के सीट पर बैठा हुआ था और अपने गोद में, 02 भूरे रंग के कार्टून में डबल रिचार्ज कम्पनी का व्हीस्की में रख हुआ था। पुलिस ने पिकप वाहन से अंग्रेजी शराब व बियर को बरामद किया है। उक्त शराब व बियर के संबंध में पिकप चालक रमजान अंसारी व रहमान असारी से शराब व बियर रखने, उक्त पिकप में परिवहन करने, व बेचने के संबंध में वैध दस्तावेज व लायसेंस साथ ही पिकप के वैध दस्तावेजो ड्रायवरी लायसेंस की मांग लिखित में किये जाने पर दोनों के द्वारा शराब व बियर को पिकप में परिवहन करने, रखने, बेचने के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज नही दिखा सके। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) छग आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया है।

# हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से की मुलाकात

**राहुल ने आश्वत किया कि कांग्रेस आदिवासियों के आंदोलन में हमेशा साथ खड़ी है**

- » हसदेव अरण्य को पुनः नो गो क्षेत्र बनाने का वादा घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सरगुजा पहुंचे राहुल गांधी से उदयपुर के ग्राम जजगा में हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधी मण्डल ने मुलाकात की।

प्रतिनिधि मंडल ने सर्वप्रथम लेमरू हाथी रिजर्व जिससे हसदेव के 16 कोल ब्लॉक संरक्षित हुए है, को अधिसूचित करने के लिए राहुल जी के प्रयास हेतु उन्हें धन्यवाद दिया। इसके बाद सरगुजा जिले में खनन परियोजनाओं को दी गई गैर कानूनी वन और पर्यावरण अनुमति एवं जंगल के विनाश के मुद्दो को रखा गया। प्रतिनिमंडल में रामलाल करियाम, मुनेश्वर पोर्ते, श्रीमती सुनीता पोर्ते, नरेंद्र आर्मोर, सुरेंद्र करियाम, राजा छितिज उईके, आनंद राम खुसरो, आलोक शुक्ला सहित अन्य साथी शामिल रहे। रामलाल करियाम ने ग्रामसभा का प्रस्ताव दिखाते हुए कहा कि फर्जी प्रस्ताव बनाकर परसा कोल ब्लॉक के लिए वन स्वीकृति हासिल की गई है। राज्यपाल के आदेश के बाद भी बिना जांच किये पेड़ो की कटाई की जा रही है। सुनीता पोर्ते ने कहा कि जंगल, जमीन से हमारी आजीविका और संस्कृति जुड़ी हुई है यदि यह उजड़ गया तो हमारा अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।



आलोक शुक्ला ने हसदेव की जैव विविधता पर बात रखते हुए कहा कि स्वयं भारतीय वन्य जीव संस्थान ने हसदेव पर किए गए अध्ययन में कहा है कि यदि हसदेव में खनन की अनुमति दी गई तो बांगो बांध जिससे 4 लाख हेक्टेयर की सिंचाई होती है, उसका अस्तित्व खत्म हो जायेगा। और मानव हाथी संघर्ष इतना व्यापक होगा कि फिर कभी उसे सम्हाला नही जा सकता। सिर्फ निजी मुनाफे के लिए हसदेव का विनाश हो रहा है। जबकि देश में 3.5 लाख टन कोयला हसदेव के बाहर है। आलोक ने कहा कि कांग्रेस और यूपीए सरकार के कार्यकाल में पेसा कानून, वनाधिकार कानून और भूमि अधिग्रहण कानून बनाए गए है, जिनमे ग्रामसभा से अनिवार्य परामर्श और सहमति के प्रावधान शामिल हैं। जहां भी अदानी कंपनी की परियोजनाएं स्थापित हो रही हैं वहां इन कानूनों को बाईपास करके या उल्लंघन करके अनुमतियां हासिल की जा रही हैं। हसदेव में लग रहा है जैसे अडानी के लिए संविधान को ही निलंबित कर दिया गया है। मुनेश्वर पोर्ते ने कहा कि पिछ्ले 10 वर्षो से हमारा संघर्ष जारी है जब यह आंदोलन शुरू हुआ था तो हम लोग बच्चे थे। आज गांव को बचाने लड़ना पड़ रहा है। जबकि आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का दायित्व तो स्वयं राज्यपाल और सरकारों का है।

सोमवार 12 फरवरी को कोरबा जिले के ग्राम मोरगा में हसदेव के ग्रामीणों ने जंगल बचाने के लिए मानव श्रृंखला बनाई थी। इस दरम्यान हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक उमेश्वर सिंह आर्मो से राहुल जी ने विस्तृत चर्चा की थी। मंगलवार को राहुल जी के समक्ष प्रतिनिधि मंडल ने मांग रखी कि हसदेव को बचाने के संघर्ष में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से साथ दे एवं हसदेव को खनन से मुक्त रखते हुए पुनः नो गो क्षेत्र बनाने का वादा अपने घोषणा पत्र में शामिल करें।

# पीएम मोदी-राष्ट्रपति नाहयान ने की द्विपक्षीय वार्ता, अबू धाबी में किया यूपीआई कार्ड सेवा का शुभारंभ



**अबू धाबी, 13 फरवरी 2024।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार की शाम दो दिवसीय यात्रा पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। अबू धाबी हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बाद में दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बैठक हुई और कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए खाड़ी देशों के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। उससे पहले वह यहां एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन भी करेंगे।

### भारत-यूएई के हर क्षेत्र में करीबी रिश्ते

यूएई के राष्ट्रपति के साथ बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा, गर्मजोशी से स्वागत के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं जब भी आपसे मिलने यहां आता हूं, तो मुझे हमेशा लगता है कि मैं अपने परिवार से मिलने आया हूं। हम पिछले सात महीनों में पांच बार मिले हैं। यह बताता है कि हमारे कितने करीबी रिश्ते हैं। उन्होंने कहा, हमने हर क्षेत्र में प्रगति की है और हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच साझा भागीदारी है। बैठक में मौजूद भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा शामिल थे।

### यूपीआई रुपे कार्ड सेवा का शुभारंभ किया

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति नाहयान ने यूपीआई रुपेय कार्ड सेवा का भी शुभारंभ किया। राष्ट्रपति नाहयान ने अबू धाबी में सेवा की शुरुआत करने के लिए अपने नाम के एक कार्ड कार्ड को स्वाइप किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे एक बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि हमारे यूपीआई रुपे कार्ड और आपके जयवान कार्ड की शुरुआत से फिनटेक के एक नए युग की शुरुआत हो रही है।

### विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने क्या कहा

विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, दोनों नेता कई द्विपक्षीय समझौतों के आदान-प्रदान के गवाह बने। इनमें तत्काल भुगतान प्लेटफॉर्म यूपीआई (भारत) और एएएनआई (यूएई) को इंटरलिंक करने पर एक समझौता भी शामिल है। जो दोनों देशों के बीच निर्बाध सीमा पार लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगा। पिछले साल जुलाई में पीएम मोदी ने अबू धाबी यात्रा के दौरान भुगतान और संदेश प्रणाली को इंटरलिंक करने के लए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, प्रधानमंत्री के दौरे के पहले चरण में यूएई के नेतृत्व और भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत होगी और अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी यूएई और कतर दो देशों की यात्रा पर हैं। यूएई में यात्रा के पहले चरण में शीर्ष नेतृत्व और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत,अबू धाबी के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी का सातवां यूएई दौरा

2015 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह सातवां यूएई दौरा है। देश पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा, अबू धाबी हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए समय निकालने के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद का बहुत आभारी हूं। मैं एक उपयोगी (प्रोडक्टिव) यात्रा की उम्मीद कर रहा हूं, जो भारत और यूएई के बीच मित्रता को और मजबूत करेगी।

### यूएई के प्रधानमंत्री के साथ होगी चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी अपने यूएई के समकक्ष मोहम्मद बिन राशिद के साथ भी चर्चा करेंगे। जिसमें दुबई के साथ बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने पर फोकस होगा। प्रधानमंत्री बीएपीएस मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

### अहलान मोदी कार्यक्रम में होंगे शामिल

प्रधानमंत्री आज अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में भारती समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को भारतीय समुदाय के द्वारा आयोजित किया गया है। इसे अहलान मोदी नाम दिया गया है। अरबी भाषा में इसका अर्थ हेलो मोदी होता है। पीएम मोदी 13-14 फरवरी को यूएई में रहेंगे। उसके बाद कतर जाएंगे।

# गंगा का पवित्र जल और राजस्थान का बलुआ पत्थर

## अबु धाबी के हिंदू मंदिर के लिए भारतीय राज्यों ने दिया योगदान



**अबु धाबी, 13 फरवरी 2024।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी की 14 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबु धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। इस मंदिर के निर्माण के लिए भारत के कई क्षेत्रों से योगदान दिया गया है। यूएई के पहले हिंदू मंदिर के लिए भारत से गंगा और यमुना का पवित्र जल, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर और लकड़ी के फर्नीचर का उपयोग किया गया है।

### मंदिर के निर्माण में भारत के विभिन्न राज्यों का योगदान

मंदिर के दोनों किनारों पर गंगा और यमुना के पवित्र जल का छिड़काव किया जाएगा। भारत से एक बड़े कंटेनर में इस पवित्र जल को लाया गया है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार, मंदिर के किनारे पर एक घाट बनाया गया है, जहां गंगा का पानी बहेगा। मंदिर के प्रमुख वॉलंटियर विशाल पटेल ने कहा, इसे वाराणसी के घाट जैसा बनाने का विचार था, जहां पर्यटक बैठकर ध्यान कर सकते हैं। जब पर्यटक इसके अंदर जाएंगे, तो उन्हें पानी की दो धाराएं दिखेंगी। ये धाराएं भारत की गंगा और यमुना को प्रदर्शित करेंगी।

इस मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा किया गया है। यह मंदिर कुल 27 एकड़ में जमीन पर बना है। मंदिर के सामने वाले हिस्से पर बलुआ पत्थर की पृष्ठभूमि पर उत्कृष्ट संगमरमर की नक्काशी है। इसे राजस्थान और गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा 25,000 से अधिक पत्थर के टुकड़ों से तैयार किया गया है। मंदिर के लिए उत्तरी राजस्थान से बड़े पैमाने पर गुलाबी बलुआ पत्थर को अबु धाबी में भेजा गया था। करीब 700 कंटेनरों में दो लाख क्यूबिक फीट का पवित्र पत्थर अबु धाबी लाया गया। मंदिर के अधिकारियों ने बताया कि पत्थरों को जिस लकड़ी के ट्रंक में लाया गया था, उसका इस्तेमाल मंदिर के लिए फर्नीचर बनाने के लिए किया जाएगा।

### पीएम मोदी करेंगे भारतीय प्रवासियों को संबोधित

मंदिर का निर्माण 2019 में शुरू हुआ था और मंदिर के लिए जमीन यूएई सरकार ने दी थी। पीएम मोदी आज यूएई के लिए रवाना हो चुके हैं। 2015 से यह पीएम मोदी का यूएई का सातवां दौरा है और पिछले आठ महीनों में यह उनका तीसरा दौरा है। मंदिर के उद्घाटन से एक दिन पहले अबु धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से भी मुलाकात करेंगे।

# इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोके अमेरिका,राफा पर हमले के बाद नाराज हुआ यूरोपीय संघ



**वॉशिंगटन, 13 फरवरी 2024।** राफा शहर पर हमले के बाद इस्राइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने मांग की है कि इस्राइल के सहयोगी खासकर अमेरिका, इस्राइल को हथियारों की सप्लाई करना बंद करे। बोरेल ने कहा कि गाजा में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं। बीते हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि इस्राइल की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके।

**बोरेल ने पूछा क्या किसी प्रमुख देश के नेता ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जतायी?**

ब्रुसेल्स में मीडिया से बात करते हुए बोरेल ने कहा कि अमेरिका का युद्ध पर चिंता जताना और इस्राइल को हथियारों की सप्लाई जारी रखना लॉजिकल नहीं है। बोरेल ने कहा कि कितनी बार प्रमुख देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जतायी है। अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लगता है कि नरसंहार हो रहा है और बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं तो हमें शायद हथियारों के बारे में सोचने की जरूरत है। इस्राइल ने गाजा के राफा में हमले शुरू कर दिए हैं। गाजा पर हमले के बाद बड़ी संख्या में लोग राफा पहुंचकर वहां शरण लिए हुए थे। अब राफा में भी इस्राइल के हमले के बाद शरणार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बोरेल ने पूछा कि क्या अब इस्राइल के पीएम राफा को भी खाली कराएंगे? अब वे लोगों को कहां भेजेंगे? चांद पर?

**इस्राइल ने UNRWA पर लगाए थे आरोप**

इस दौरान संयुक्त राष्ट्र की NRWA के प्रमुख फिलिप लाजारनी भी मौजूद थे। इस्राइल ने बीते दिनों आरोप लगाया था कि UNRWA के लोग भी इस्राइल पर बीते 7 अक्तूबर को हुए हमले में शामिल थे। इस्राइल ने संयुक्त राष्ट्र रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी फॉर फलस्तीन रिफ्यूजी (NRWA) पर रोक लगाने की मांग की थी। इस्राइल के आरोपों के बाद कई देशों ने यूएनआरडब्लूए की फंडिंग रोकने का एलान कर दिया था।

# पाकिस्तान में इमरान खान की पीटीआई ने भी ठोकी सत्ता पर दावेदारी, राष्ट्रपति से मिले पार्टी नेता



**इस्लामाबाद, 13 फरवरी 2024।** पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पीएमएल-एन और बिलावल भुट्टो जरदारी की पीपीपी के बीच गठबंधन सरकार बनाने को लेकर बात चल रही है। अब जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने भी सरकार बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। पार्टी ने कई विशेष समीतियों का गठन किया है, जो केंद्र में, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्य में पीटीआई की सरकार बनाने की रणनीति बनाएंगी।

### पीटीआई सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी

चुनाव नतीजों के बाद पीटीआई की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सरकार और संसदीय पदों पर लोगों की नामांकन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। पाकिस्तान आम चुनाव में पीटीआई समर्थित 101 निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं और पीटीआई सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पीटीआई ने बयान जारी कर बताया कि उनकी पार्टी को रोकने की कोशिश की गई और अनैतिक तरीके से पार्टी पर दबाव बनाने की कोशिश की गई, लेकिन देश की जनता ने इमरान खान पर विश्वास रखा और अपने वोटों से इमरान खान को देशभक्ति का सर्टिफिकेट दिया है।

### पीटीआई नेताओं ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

पीटीआई चुनाव में धांधली का भी आरोप लगा रही है और इसे लेकर उसके नेताओं ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से मुलाकात की। पीटीआई का आरोप है कि चुनाव नतीजों गिनती के दौरान वे एक समय 170 नेशनल असेंबली सीटों पर आगे चल रहे थे, लेकिन इसके बाद पीएमएल-एन के पक्ष में चुनाव को मोड़ दिया गया। पीटीआई ने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पीपीपी के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया है।

पीएमएल-एन 75 और पीपीपी को 54 सीटों पर जीत मिली है। हालांकि इन दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन पर अंतिम फैसला नहीं हो पा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पीपीपी के बिलावल भुट्टो जरदारी और पार्टी के कई अन्य नेता पीएमएल-एन के साथ गठबंधन करने के पक्ष में नहीं हैं और वे चाहते हैं कि पीपीपी, पीटीआई के साथ विपक्ष में बैठे। हालांकि आसिफ अली जरदारी सत्ता में भागीदारी करने के पक्ष में हैं और लगातार पीएमएल-एन नेताओं से बातचीत कर रहे हैं।



# ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

– संवाददाता –

**अंबिकापुर, 13 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे डायल 112 से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी मौत हो गई। युवक का उम्र लगभग 27 वर्ष बताया जा रहा है। मंगलवार की सुबह 11.25 बजे अम्बिकापुर रेलवे लाइन ट्रैक में ट्रेन से कटने से जख्मी हो गया था। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव अस्पताल के मरच्यूरी में पुलिस रखवा दी है।



# 25 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

– संवाददाता –

**अंबिकापुर, 13 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।** अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ सरगुजा पुलिस द्वारा लगाकार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना गांधीनगर पुलिस ने शनि मंदिर नमनाकला के पास से स्कूटी सवार युवक प्रेमशंकर तिर्की को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो 25 लीटर महुआ शराब पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 25 सौ रुपए बताई जा रही है। ओापी ग्राम घुमपारा लुचकी का रहने वाला है। जिसे गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# चोरी की दो बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

– संवाददाता –

**अंबिकापुर, 13 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

चोरी की दो बाइक के साथ मणिपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार अनिल सिंह पैकरा कसकेला जयनगर का रहने वाला है। वह अंबिकापुर मठपारा में किराय के मकान में रहता है। अनिल सिंह की बाइक अज्ञात चोर ने पार कर दी थी। वह मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने महामाया मंदिर रोड निवासी ईसाद अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से व एक अन्य स्थान से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इसके कब्जे से दो बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में थाना भटगांव पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

– संवाददाता –

**सूरजपुर, 13 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

12 फरवरी 24 को जरही निवासी शुभम गुप्ता पिता तुलसीदास गुप्ता ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका छोटा भाई विट्टु गुप्ता के मोबाईल फेसबुक में गलत आरोप लगाकर परेशान करने का पोस्ट किया गया था जिसे देखने के बाद तथा तलाश करने पर बिट्टु गुप्ता का शव डुमरिया बांध पानी में पाए जाने के आशय की सूचना पर थाना भटगांव में मर्ग कायम किया गया।



थाना भटगांव पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना स्थल व शव निरीक्षण, उपरान्त मृतक का पीएम कराया। मर्ग जांच में गवाहों के कथनों व मृतक के मृत्यु के पूर्व का मोबाईल फोन में लेख किया गया सुसाईडल नोट का स्क्रीन शार्ट के अवलोकन पर दिनांक 09 फरवरी 24 के रात्रि में हिमांशु क्लाथ स्टोर जरही में लगे आग से छति के संबंध में उमेश गुप्ता, राजु गुप्ता, रेखा गुप्ता एवं चंदकी गुप्ता मॉ दुर्गा वस्त्रालय के द्वारा मृतक बिट्टु उसके पिता तुलसी दास गुप्ता तथा उनके दुकान के कर्मचारी पर आग लगाने का आरोप लगाया जा रहा था जिससे उपरोक्त आरोपी उमेश गुप्ता, राजू गुप्ता, रेखा गुप्ता, चंदकी गुप्ता मॉ दुर्गा वस्त्रालय जरही द्वारा आग लगाने का झूठा आरोप लगाकर समाज में मानसिक रूप से अपमानित कर आत्महत्या करने हेतु दुष्प्रेरित किया गया जिससे मृतक दिनांक 12.02.24 को मोबाईल फोन पर सुसाईड नोट लेख कर डुमरिया बांध के पानी में डुबकर आत्महत्या करना पाया गया। आरोपी उमेश, राजू, रेखा व चंदकी का कृत्य धारा 306, 34 भादसं का पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर.आहिरे ने प्रकरण की बारीकी से विवेचना करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना भटगांव पुलिस ने विवेचना करते हुए प्रकरण के आरोपी उमेश गुप्ता पिता रामनरेश गुप्ता उम्र 35 वर्ष ग्राम कोरंधा, राजू गुप्ता पिता रामनरेश गुप्ता उम्र 38 वर्ष ग्राम कोरंधा, रेखा गुप्ता पति राजु गुप्ता उम्र 29 वर्ष, चंदकी गुप्ता पिता भवसागर गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी कोरंधा, थाना भटगांव को पकड़ा गया और विधिवत् गिरफ्तार किया गया।

कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व डीएसपी रितेश चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई अश्विनी पाण्डेय, एएसआई बजरंगी लाल चौहान, जी.पी.यादव, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, करन सिंह नेताम, शत्रुधन पोर्ते, आरक्षक मनोज जायसवाल, संतोष जायसवाल, भोला राजवाड़े, रजनीश पटेल, ताराचंद यादव, राजकुमार पासवान, विजय गुप्ता, प्रभाकर सिंह, वाहिद हुसैन व प्रहलाद पैंकरा सक्रिय रहे।

CMYK



# क्या दुकान नीलामी के लॉटरी प्रक्रिया में पूंजी पतियों का ही किस्मत चमका?

**भाई भतीजे वाद की तरह लॉटरी प्रक्रिया में लोगों को मिली दुकान, शिकायत उच्च स्तरीय...निष्पक्ष तरीके से लॉटरी नहीं होने का भी लगा आरोप**

**आम आदमी व गरीबों की किस्मत निकली खराब, पूंजीपति किस्मत के निकले धनी**

**नगर पालिका के दुकान नीलामी के लॉटरी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर उठे सवाल**

**हाईटेक बस स्टैंड रिंग रोड सूरजपुर में बनी नगरपालिका स्वावलंबन योजना अंतर्गत दुकानों का आपस में ही किया गया बंदरबांट,लगा आरोप**


**अधिकारियों की उपस्थिति में निकाली गई लाटरी,चिन्हित लोगों से ही निकलवाई गई लाटरी,लाटरी में इशारों का भी हुआ खेल यह भी लगा आरोप**

## कांग्रेस नेताओं,पार्षदों सहित निगम कर्मचारियों के संबंधियों को मिली दुकानें, लाटरी पद्धति से वितरण को शिकायतकर्ता ने बताया दोषपूर्ण, प्रेमनगर विधायक से की गई है शिकायत,दुकान आबंटन निरस्त कर पुनः सही प्रक्रिया से आबंटन की हुई मांग

-ओंकार पाण्डेय-
सुरजपुर,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

स्वावलंबन योजना के तहत व्यावसायिक दुकानों का निर्माण इसलिए किया गया था ताकि दुकान आवंटन लाटरी पद्धति से किया जाए और सभी को यह दुकान उनकी किस्मत के आधार पर मिल सके, जिसमें मध्य, गरीब व पूंजीपती वर्ग रह सके और लोगो को एक कमाई का जरिया मिल सके, पर जब लॉटरी खुली और लॉटरी के नाम को देखा गया तो ऐसा लगा कि मध्यम वर्ग व गरीब तबके के लोग तो इसमें शामिल नहीं हुए सिर्फ दिखे तो पूंजीपति लोग और कहीं ना कहीं लॉटरी होने के बाद भी इसमें सेटिंग देखी गई। क्या दुकान नीलामी के लॉटरी प्रक्रिया में पूंजी पतियों का ही किस्मत चमका? आम आदमी व गरीबों की किस्मत निकली खराब पूंजीपति किस्मत के निकले धनी?

सूरजपुर के जिला मुख्यालय के हाईटेक बस स्टैंड में जो की रिंग रोड पर स्थित है में नगर पालिका स्वावलंबन योजना अंतर्गत व्यवसायिक दुकानों का निर्माण किया गया है का आबंटन प्रक्रिया जो लाटरी पद्धति से किया गया को लेकर शिकायत सामने आई है, जिसमे पूरी प्रक्रिया को ही दोषपूर्ण बताते हुए आबंटन प्रक्रिया निरस्त करने की मांग की गई है जिसके लिए प्रेमनगर विधायक को शिकायत पत्र सौंपा गया है। शिकायतकर्ता ने शिकायत में लिखा है की दुकान आबंटन की पूरी प्रकिया दोषपूर्ण बताते हुए यह भी शिकायत पत्र में उल्लेखित किया गया है की लाटरी पद्धति में जिन दुकानों का आबंटन किया गया वह सभी पहले से ही तय कर ली गई थी की किसे कौन सी दुकान मिलनी है और कैसे दिखावे के लिए लाटरी पद्धति अपनाई जाएगी। शिकायत में नायब तहसीलदार सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी की भूमिका को लेकर सवाल उठाया गया है और कहा गया है की आबंटन निष्पक्ष तरीके से हो इसका ध्यान रखने की बजाए आबंटन के लिए नियुक्त अधिकारी मूक दर्शक बने रहे और उन्होंने दोषपूर्ण आबंटन प्रक्रिया में कोई रोक लगाने की बजाए उसे पूर्ण होने दिया। दुकान आबंटन में अनियमितता आबंटन सूची देखकर भी समझ में आती है आबंटन में गरीबों की किस्मत खराब नजर आई वहीं पूंजीपतियों को आबंटन के लिए अपनाई गई लाटरी पद्धति में फायदा हुआ यह कहना गलत नहीं होगा। कुल मिलाकर गरीबों की किस्मत फूटी ही नजर आई और दुकान उन्हे आबंटित हुई जिनके पास सिफारिश थी या जो नेताओं और नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों के करीबी थे। शिकायतकर्ता ने शिकायत करते हुए मांग की है की आबंटन निरस्त किया जाए।


प्रति,
माननीय भूलन सिंह मरावी जी
विधायक – विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–04 प्रेमनगर
छत्तीसगढ़ शासन (रायपुर)

विषय :– नगर पालिका परिषद सूरजपुर द्वारा नगर पालिका स्वावलंबन योजना के तहत, हाईटेक बस स्टैण्ड, रिंग रोड, सूरजपुर में निर्मित दुकानों की नीलामी में व्यापक स्तर पर की गई अनियमितता एवं बंदरबॉट एवं छत्तीसगढ़ पी.एस.सी.घोटाले की तर्ज पर दुकान आबंटन में किये गये घोटाला के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत विनम्र निवेदन है कि नगर पालिका परिषद सूरजपुर द्वारा नगर पालिका स्वावलंबन योजना के तहत, हाईटेक बस स्टैण्ड, रिंग रोड, सूरजपुर में दुकानों का निर्माण कराया गया था उक्त दुकान एक लाख रूपये से कम आय वालों को लाटरी के माध्यम से प्रदान किया जाना था था जिसकी लाटरी प्रक्रिया दिनांक 09/02/2024 को पूर्ण की गई है उक्त लाटरी प्रक्रिया के ड्रा का संचालन पूर्ण रूप से अनियमितता पूर्ण किया गया है दुकानों की नीलामी में व्यापक स्तर पर की गई अनियमितता एवं बंदरबॉट करते हेुय छत्तीसगढ़ पी.एस.सी.घोटाले की तर्ज पर दुकान आबंटन में भारी घोटाला किया गया है। लाटरी की प्रक्रिया पुराना नगर पालिका परिषद के कैम्पस में किया गया शासन के द्वारा नियुक्त नायब तहसीलदार हिना टंडन, प्रियका रवि एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मुक्तानन्द चौहान जी मात्र मूक दर्शक के रूप में उपस्थित थी लाटरी पद्यति तो मात्र दिखावा था पहले से ही यह सुनिश्चित कर लिया गया था कि दुकान किसे प्रदान करना है एक ही परिवार के दो सदस्यों को दुकान प्रदान की गई है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि शासन द्वारा नियुक्त अधिकारी मात्र दिखावे के लिये खड़े थे। यदि उक्त प्रक्रिया का पूर्ण रूप से जॉच किया जाता है तो सही स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। उपरोक्त आबंटन प्रक्रिया में शासन से अधिकृत किसी व्यक्ति के द्वारा लाटरी नही निकाली गयी, बल्कि एक अलग राजनीतिक व्यक्ति के द्वारा लाटरी प्रक्रिया बिना किसी अधिकार के संचालित किया गया, वह भी पूर्णत अवैधानिक है। उक्त प्रक्रिया के संचालक सुनील के द्वारा पहले तो जिन–जिन व्यक्तियों को दुकान देना था, उनकी पर्ची अलग निकाल ली गई थी, उसे एक खुले ट्रे मे 1 तरफ रखा गया था, उसी के बगल मे शेष पर्ची भी रखा था, [illegible] भी पूर्व नियोजित तरीके से चिन्हित व्यक्तियों से निकलवाया गया उसे भी सुनील अग्रवाल के द्वारा इशारे से बताया जाता था, कि इधर से पर्ची उठाना है। उपरोक्त सम्पूर्ण प्रक्रिया का विडियोग्राफी भी बनवाया गया है जिसके जांच से भी यह स्पष्ट हो जावेगा कि किस व्यक्ति के द्वारा और किस प्रकार से लाटरी की प्रक्रिया की गयी है।

क्रमशः....

### आबंटन हेतु लाटरी प्रकिया निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने नियुक्त अधिकारियों पर शिकायतकर्ता ने लगाए गंभीर आरोप

शिकायतकर्ता ने दुकान आबंटन हेतु आयोजित लाटरी पद्धति को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाने आए अधिकारियों पर भी आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार आबंटन में भारी अनियमितता अपनाई गई है। पी एस सी परीक्षा की तर्ज पर इसे एक घोटाला भी बताया है शिकायतकर्ता ने। शिकायत में कहा गया है की लाटरी पद्धति पुराना नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित की गई,शासन से नियुक्त नायब तहसीलदार, हिना टंडन, प्रियंका रवि एवम मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान निष्पक्ष लाटरी कराने की बजाए मूक दर्शक बने रहे। लाटरी पद्धति केवल दिखावा थी और दुकान पहले से जिसे दी जानी थी वह तय कर लिया गया था यह भी आरोप लगाया गया है। नियुक्त अधिकारी केवल दिखावे के लिए खड़े थे यह लिखित आरोप लगाया गया है।

### एक ही परिवार के कई सदस्यों को उनके संबंधित लोगों को मिली दुकान

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है की एक ही परिवार के कई सदस्यों को दुकान आबंटित की गई है वहीं कुछ लोगों से संबद्ध लोगों को भी दुकान दी गई है जो अन्य के नाम से उन्होंने ही ली है जिसने वह संबद्ध हैं शिकायत कर्ता ने शिकायत में लिखा है की यदि निष्पक्ष जांच हुई तो एक बड़ा भ्रष्टाचार सामने आयेगा।

### लाटरी प्रक्रिया में पर्ची निकालने का काम न तो बच्चों ने किया न शासकीय कर्मचारियों ने,राजनीतिक लोगों ने निकाली पर्ची,इशारे भी होते रहे

शिकायत में यह भी कहा गया है की लाटरी पद्धति किस तरह दोषपूर्ण थी वह इस बात से समझा जा सकता है की लाटरी की पर्ची किसी बच्चे से न ही निकलवाई गई न ही शासन से नियुक्त अधिकारियों या कर्मचारियों से ही पर्ची निकलवाई गई। पर्ची राजनीतिक संबंध रखने वाले लोगों ने निकाली जिन्हे इशारा भी किया जाता रहा की किधर से वह पर्ची निकालें। राजनीतिक संबंध रखने वाले ने लाटरी की पर्ची निकाली जिससे प्रक्रिया दोषपूर्ण मानी जानी चाहिए यह भी मांग शिकायत में की गई है।चिन्हित और तय व्यक्ति ही पर्ची निकालने बुलाए गए वहीं जिन्हे दुकान आबंटन करना था उनकी पर्ची अलग खुले ट्रे में रखी गई थी यह भी शिकायत में उल्लेखित है।

### वीडियो फुटेज देखकर समझा जा सकता है कि कैसे दोषपूर्ण तरीके से लाटरी प्रक्रिया संपन्न हुई

शिकायतकर्ता ने शिकायत में लिखा है की लाटरी की पूरी प्रकिया वीडियो ग्राफी के दौरान रिकॉर्ड हुई है जिसे देखकर समझा जा सकता है कि कैसे पूरी प्रक्रिया में अनियमितता हुई है। वीडियो की जांच कर कार्यवाही और आबंटन निरस्त करने की मांग भी की गई है। नए तरीके से और निष्पक्ष आबंटन दुकानों का हो इसके लिए वर्तमान आबंटन निरस्त कर नई तिथि को नियम अनुसार लाटरी प्रक्रिया अपनाई जाए यह भी मांग की गई है।

# विधायक ने वाल राइटिंग में उकेरा जीत का स्लोगन, खुद हाथों में ब्रश और पेंट लेकर ग्रामीण के दीवार में की वाल राइटिंग




-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के आव्हान पर वॉल राइटिंग अभियान तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का भरतपुर सोनहत विधानसभा में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक रेणुका सिंह ने शुभारंभ कर दिया है। उभरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लाई ग्राम पंचायत में एक ग्रामीण के घर की दीवार पर कमल का फूल उकेर कर व अबकी बार 400 पार लिखकर इस महाअभियान की शुरूआत भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में शुरू की है। देश भर में एक बार फिर मोदी सरकार अभियान के लिए दिवार लेखन का महाअभियान प्रारंभ किया गया है। विकास को आगे बढ़ाना है फिर मोदी सरकार को लाना है। रेणुका सिंह ने भाजपा के कार्यकर्ताओं से विकसित भारत संकल्प यात्रा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आग्रह भी इस अवसर पर किया। इस दौरान रेणुका सिंह ने कहा कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली भरतपुर सोनहत विधानसभा में 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी 21 हजार 648 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी से आगे थे। इस बार इस अंतर को और बड़ा करके हमें कोरबा लोकसभा सीट पर कमल खिलाना है। रेणुका सिंह ने इस अवसर पर कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तरक्की कर प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसलिए देश को नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री जरूरी है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# प्राचीन वेदों के संचित ज्ञान व आधुनिकता के समन्वय से सपनों का भारत बनेगा : पंकज भारती

## डीएवी पाण्डवपारा में स्वामी दयानंद की 200 वीं जयंती मनाई गई






-संवाददाता-
पटना/पाण्डवपारा,13 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

विगत दिनों डीएवी पब्लिक स्कूल पाण्डवपारा में आर्य समाज के प्रणेता महर्षि दयानंद सरस्वतीजी की 200 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम यज्ञ-हवन, भजन विचाराभिव्यक्ति का आयोजन हुआ। पांच कुण्डीय यज्ञ की प्रथम श्रृंखला में आर्य समाज अमर रहे... ओम का झण्डा ऊंचा रहे... वेद की ज्योति जलती रहे के जयघोष लगाए गए। वैदिक रीति-रिवाज से वेद की ऋचाओं के सस्वर वाचन के साथ यज्ञ हवन प्रारंभ किया गया। यज्ञ में ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद के मंत्र उच्चरित किए गए। यज्ञ के ब्रह्मा मुकेश चन्द्र शास्त्री एवं वेदप्रकाश थे। प्रमुख यजमान प्राचार्य पंकज भारती, संतोष कटकवार, नारायण अग्रवाल एवं श्रीमती मंजूषा सोनी सपत्नीक थे। अध्यक्षीय आसंदी से उद्बोधित करते हुए संस्था के प्राचार्य पंकज भारती ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती जी का समाज में प्रादुर्भाव उस समय हुआ जब देश पराधीन था, रूढ़िवादी विचार अंधविश्वास चरम पर था। जातिगत छूआछूत का बोलबाला था। अशिक्षा, नारी प्रतिकार जारी था। जनता दिशाहीन होकर आधार तलाश रही थी। तब सरस्वती जी ने वेदों की ओर लौटने की बात कहकर शिक्षा का अलख जगाया। नारियों को वेद पढ़ने का अधिकार दिलाकर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। आजादी के आंदोलन मे सक्रिय भूमिका निबाहने से अनेक क्रांतिकारी पैदा हुए। स्वामी जी के विचार आज भी प्रासंगिक है आर्य समाज के उद्देश्य को पूरा करने हेतु डी ए वी कृत संकल्पित है। आज सुयोग्य नागरिक बनाने के लिए प्राचीन वेदों के संचित ज्ञान एवं आधुनिकता के समन्वय से ही संभव हो पाएगा। सभा को आचार्य द्वय मुकेशचन्द्र शास्त्री, वेदप्रकाश आर्य ने सबोधित किए। शिक्षक हरीश तिवारी, छात्रा आकृति पाण्डेय ने स्वामी दयानंद के अवदान को रेखांकित किया। शिक्षिका श्रीमती केया बोस ने सस्वर भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालयीन छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों का अप्रतिम योगदान रहा।

# अवैध कारोबार में पुलिस कर्मियों के संलिप्ता पाई गई तो उन पर भी होगी कार्यवाही:चंद्र मोहन सिंह

## गोंगपा के जिलाध्यक्ष ने अवैध कारोबार को लेकर पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन






-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

एमसी जिले के नव सदस्य पुलिस अधीक्षक का रूप बदला बदला है इस बार वह अवैध कारोबार के विरुद्ध कड़े रुख अपने हुए हैं और साफ कह दिया है की अवैध कारोबार को संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्यवाही होगी, नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह को गोंगपा जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में लम्बे सयम से जुआ, सट्टा, सहित मध्यप्रदेश की अवैध शराब होटल एवं ढ़ाबो मे बेची जा रही है जिसके संबंध मे सयम सयम पर पत्रकारों द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया को जानकारी दी जाती रही और पत्रकारों द्वारा खबर भी प्रकाशित किया जाता रहा लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की जाती थी, साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा कहा जाता रहा की कार्यवाही की जाएगी लेकिन आज दिनांक तक नही की गई ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि कुछ लोगो ने नाम न बताने के शर्त पर जानकारी दी की शहर मे अवैध कारोबार किसी सिंडिकेट के द्वारा किया जा रहा है और यह भी जानकारी मिली है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का विधान सभा चुनाव मे भी लापरवाही बरती गई। गोगपा के एमसीबी जिला अध्यक्ष मरकाम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अन्यंत्र जगह स्थानांतरित करने की मांग की है, साथ ही शहर मे अवैध कारोबार करने वालो पर सख्त से सख्त कार्यवाही की भी मांग की। जिस पर एमसीबी पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह ने कहा की जिले में अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि अवैध कारोबार में किसी पुलिस कर्मियों की संलिप्ता पाई जाती है उन पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही किया जाएगा। कुछ पर कार्यवाही किया जा चुका है।और रात्रि में गस्त भी शुरू होगी।



# संविदा के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन

-संवाददाता-
सुरजपुर,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर (छ0ग0) के आदेश अनुसार सूरजपुर जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफटी) अंतर्गत जिला कार्यालय सूरजपुर में 01 पद लेखापाल (संविदा), 02 पद सहायक ग्रेड-03 (संविदा) एवं 01 पद भृत्य (संविदा) पदों हेतु जिले के आरक्षण रोस्टर अनुसार कार्यालय कलेक्टर, संयुक्त जिला कार्यालय भवन सूरजपुर में 13 फरवरी से 05 मार्च तक कार्यालयीन समय पर केवल स्पीड पोस्ट, पंजीकृत डाक के माध्यम से निर्धारित योग्याता धारक अभ्यर्थियो द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जा सकते है। विज्ञापन की विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट www.surajpur.gov.in में अपलोड है व साथ ही जिला कार्यालय सूरजपुर के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है।

# कलेक्टर सूरजपुर का कड़ा रूख जिला चिकित्सालय में ही हो जांच

## बाहर जांच करने के लिए लिखने वाले डॉक्टर पर होगी कार्यवाही

### कलेक्टर के फैसले से गरीबों को मिलेगी राहत कम दरों पर शासकीय अस्पताल में होगी जांच,गरीब लोगों को बाहर भेज कर निजी लैब से अधिक पैसे दिला डॉक्टर करते थे जांच

-संवाददाता-
सुरजपुर,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

स्वास्थ्य सुविधा बेहतर हो इसके लिए तरह-तरह के प्रयास किए जाते हैं हर जिले में जिला अस्पताल बृहद रूप से बनाया गया है ताकि गरीबों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिल सके पर कुछ डॉक्टर को अधिक कमाई की लालसा है जिस वजह से निजी लबों व दवाई दुकानों से उनका कमीशन बंधा हुआ है जिस वजह से वह अपने प्रिस्क्रिप्शन पर उन्हें लैब व दवाई दुकान जाने को मरीज को कहते हैं, जहां पर मरीज का पैसा ज्यादा खर्च हो जाए, पर उन्हें यह समझ में नहीं आता कि गरीब मरीज आखिर इतने पैसे क्यों देगा? जब सारी सुविधाएं अस्पताल में मौजूद हैं, इस पर सूरजपुर कलेक्टर ने एक महिला की शिकायत पर संज्ञान ले लिया और कहा कि जिला अस्पताल में ही सारे जांच उपलब्ध हैं फिर भी डॉक्टर गरीब मरीजों को बाहर का जांच लिखते हैं जो उनके लिए आर्थिक संकट है जिस पर सूरजपुर कलेक्टर ने साफ निर्देश दिया है कि सभी जांच अस्पताल में ही कराया जाए, बेवजह मरीज को आर्थिक बोझ पर ना डालें।

मिली जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में जीवन दीप समिति के बैठक लेने कलेक्टर रोहित व्यास पहुंचे थे तभी जिला चिकित्सालय में जांच का




सुविधा न मिलने निजी क्लिनिको में भेजने की शिकायत एक मरीज के द्वारा कलेक्टर को किया गया जिस पर कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हो उन्होंने तत्काल पदस्थ एक डॉक्टर को बुलाकर कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने अस्पताल प्रबंधक को मरीज का पैसा वापस करवाने का निर्देश दिए, जिसके बाद पैसा वापस करवाया और कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए हैं किसी भी सूरत पर जिला चिकित्सालय के पास दलाली अगर करते पाए गए डॉक्टर तो बक्शा नहीं जाएगा सख्त कार्रवाई की जाएगी अस्पताल में सुधार के लिए सख्त निर्देश दिए हैं वही सूरजपुर कलेक्टर के निर्देश पर सी एम एच ओ डॉक्टर आर एस सिंह ने नोटिस जारी कर जिला चिकित्सालय के आसपास के सभी जांच सेंटरों को निर्देश दिए हैं की दोबारा ऐसी गलती पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी जारी नोटिस संचालकों को दी गई है हिदायत उल्लेख किया गया है जिला चिकित्सालय में आकर ब्लड सैम्पल लेने एवं जांच के संबंध में नोटिस जारी किया गया है कि कलेक्टर सूरजपुर के द्वारा जिला चिकित्सालय के निरीक्षण पाया गया है कि जिला चिकित्सालय के आस-पास स्थित पैथोलॉजी लैब / कलेक्शन सेन्टर के द्वारा चिकित्सालय में आकर भर्ती मरीजों का ब्लड़ सैम्पल लिया जा रहा है एवं मरीजों को अपने संस्थान जॉच किया जा रहा है, जो कि पूर्णतः गलत है, एवं इससे मरीजों का अधिक हानि हो रही है। जांच सेंटर के संचालकों को निर्देर्शित किया जाता है कि ऐसी किसी प्रकार की आव्यवहारीक कृत्य नहीं अन्यथा सभी संस्थानों के विरुद्ध नर्सिंग होम एक्ट अधिनियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही को कहा गया है, जिला चिकित्सालय में पहुंचे बैठक में भाग लेने कलेक्टर मरीज ने किया शिकायत कि सर जिला चिकित्सालय में सुविधा होने के बाद भी दूसरे की लिख में भेज कराके जिला चिकित्सालय पदस्थ डॉक्टरों की द्वारा मनमानी थी जारी और भाई भरकम पैसा लिया गया है जिस पर कलेक्टर में तत्काल संज्ञान लिया पैसे और उन्होंने तत्काल मरीज का पैसा वापस कर आए मरीज ने कलेक्टर का आभार जताया मरीज ने चर्चा के दौरान कहा कि ऐसे कलेक्टर हर जिले में होनी चाहिए।



# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

-संवाददाता-
कोरबा,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर वसंत ने जनचौपाल में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनचौपाल में वनाधिकार पट्टा बनाने, पेंशन, सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, उपचार हेतु आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास, जाति प्रमाण पत्र बनाने आदि के आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचौपाल में ना आना पड़े।

# मनेंद्रगढ़ विधायक का खड़गवां मुख्यालय में कार्यालय खुलते ही लोगों का समस्या को लेकर लगा तांता

### ग्रामीणों से घिर नजर आये विधायक,कहा-अब ग्रामीणों को समस्या के लिए भटकना नहीं पड़ेगा

-संवाददाता-
खड़गवां,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र खड़गवां विकासखंड में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यालय का उद्घाटन किया कार्यालय जनपद प्रांगण में मुख्यालय क्षेत्र में खोला गया है। विधायक कार्यालय में लोगों से उनकी समस्या, शिकायत व सुझाव संबंधित आवेदन लिए जाएंगे और उनका निराकरण किया जाएगा। जो ग्रामीण इलाज एवं अन्य समस्याओ से वंचित रह जाते हैं वो उन्हें इस कार्यलय से लाभ प्राप्त होगा।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि खड़गवां मेरा गृह निवास क्षेत्र है। क्षेत्रवासियों का काम सुचारू रूप से चले इसलिए यह कार्यालय खोला गया है। सप्ताह में एक दिन मैं स्वयं कार्यालय में रहूंगा। एक दिन चिरमिरी और एक दिन मनेंद्रगढ़ में बैठना होगा। लोगों को समस्या और काम के लिए भटकना ना पड़े इस उद्देश्य से



कार्यालय की शुरूआत की गई है। कार्यालय का उद्घाटन होते ही मंत्री जी के पास स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए ग्रामीण अपनी समस्याओं के आवेदन लेकर पहुंच गए और मंत्री जी ने लोगों से घिर होने के बाद भी एक एक व्यक्ति के आवेदन को बड़े सरल और सहज तरीके से पढ़कर समझ कर विभागीय अधिकारियों को आदेश निर्देशित किया गया । मंत्री जी ने आए हुए सभी ग्रामीणों से एक-एक कर सबसे भेट मुलाकात करते हुए सभी का हाल चाल और क्षेत्र के बारे में विधिवत जानकारी ली एवं आए हुए सभी ग्रामीणों एवं खड़गवां विकास खंड क्षेत्र से भारी संख्या में भाजपा



कार्यकर्ता पदाधिकारी भी उपस्थित हुए थे उन सभी को शुभकामनाएं दी।

# छात्र बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी ढिबरी के सहारे करने को मजबूर

### घरों में बिजली की व्यवस्था जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग कलेक्टर से




CHHATTISGARH YOUTH CONGRESS
Deepak Kar
(Social Activist)
Vice President
Assembly 04 Premnagar
Address : Chandarpur
Date : 13-2-2024
S.No. 651
13 FEB 2024

-संवाददाता-
सुरजपुर,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

छात्र मार्च में होने वाली 10वी 12वी की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी बिजली के अभाव व ढिबरी के सहारे करने को मजबूर है जिसके सम्बन्ध में आज जिले के सामाजिक कार्यकर्ता व सूरजपुर युवा कांग्रेस के नेता दीपक कर ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर उक्त ग्रामो के घरों में बिजली की व्यवस्था जल्द से जल्द करने की मांग की है ।

ज्ञापन के माध्यम से दीपक कर ने बताया कि सूरजपुर विकाशखण्ड के ग्राम-बेलटिकरी के महादेवपरा में लगभग 40 से 50 घर है जहां आज दिनांक तक बिजली की व्यवस्था नही की गई है ,बच्चे ढिबरी के सहारे अपनी 10वी 12वी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करने को मजबूर है ,किशान और ग्रामीण काफी परेशानियों से अपना जीवन निर्वाह कर रहे है । आज के दौर में भी किसी घर मे बिजली न पहुंचे तो ये कहि न कही जिला प्रशासन और विद्युत विभाग की लापरवाही और निष्क्रियता का परिणाम है जिसका खामियाजा गरीब ग्रामीण, किशान और पढ़ने वाले छात्र उठा रहे है । ग्रामीण वर्ष 2019 से इस समस्या की ओर जिला प्रशासन और विद्युत विभाग का ध्यानाकर्षण करा रहे है इसके बावजूद आज दिवश तक कोई निराकरण नही किया गया है ,लगातार कई बार ग्रामीण बिजली की व्यवस्था करने की लगातार मांग व इस हेतु आंदोलन कर रहे है लेकिन जिला प्रशासन का कोई भी ध्यान नही जा रहा है ,छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं मार्च से सुरु हो रही है जिसकी वजह से छात्र और उनके परिजन काफी चिंतित है,अंधेरे में ढिबरी के सहारे छात्र-छात्राएं पढ़ाई करने को मजबूर है । इन तमाम गंभीर और मूलभूत समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने की बहुत आवश्यकता है । अन्यथा ये समस्या जल्द एक बड़ा जनांदोलन का रूप लेने पर मजबूर होगा ।

उन्होंने जल्द से जल्द समस्त घरों में बिजली की व्यवस्था कराने सहित इन तमाम परेशानियों का समाधान करने की मांग की है ताकि छात्र-छात्राओं व किशानो को राहत मिल सके।

# जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम व संयुक्त कलेक्टर रवि सिंह को ऑडिटोरियम में दी गई भावभीनी विदाई

-संवाददाता-
सुरजपुर,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

शासन के नवीनतम आदेश के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना कोसम का स्थानांतरण परीक्षा नियंत्रक लोक सेवा आयोग रायपुर हुआ है। वहीं संयुक्त कलेक्टर रवि सिंह का स्थानांतरण भी रायपुर संयुक्त कलेक्टर के रूप में हो गया है। आदेश के अनुपालन में दोनों अधिकारी अपने पद से कार्यमुक्त हो चुके हैं, जिले में उनके उत्कृष्ट कार्य काल पर कल ऑडिटोरियम सूरजपुर में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा रखा गया था।




जिसमें जिला प्रशासन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम व संयुक्त कलेक्टर रवि सिंह को शासन द्वारा सौंपे गए नये दायित्व पर शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अपने विदाई के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम ने जिला पंचायत के अपने सभी सहयोगियों, जिला प्रशासन के सभी अधिकारी व कर्मचारियों तथा जिले के निवासियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित प्रशासनिक अमले को टीम वर्क के साथ सेवा भाव से लोकहित में कार्य करने के लिए प्रेरणादायक शब्द कहे। अपने विदाई के अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रवि सिंह ने भी जिला प्रशासन और अपने अनुविभागी कार्यालय के सहयोगियों को याद किया और सभी को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा 13 से 15,फरवरी तक आईपीएस-2024 प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा,13 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा रायपुर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय सभागार में 13 से 15 फरवरी तक भारतीय विद्युत स्टेशन प्रचालन व अनुरक्षण, आईपीएस-2024 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 फरवरी 1982 को उत्तर प्रदेश में एनटीपीसी के सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन की पहली इकाई के चालू होने की वर्षगांठ मनाने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। एनटीपीसी समूह तब से पूरे भारत में 90 से अधिक स्थानों




पर लगभग 74 गीगावॉट (जेवी सहित) तक बढ़ गया है, जिसमें थर्मल, गैस, हाइड्रो और नवीकरणीय शामिल हैं। ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियों से लेकर प्रचालन व अनुरक्षण वर्कफ़्लो को सुव्यवस्थित करने तक, ओ एंड एम सम्मेलन-2024 सुरक्षा, विश्वसनीयता और लागत प्रभावी बिजली उत्पादन को बढ़ाने के लिए नवीन रणनीतियों को उजागर करेगा। इस सम्मेलन के दौरान तकनीकी सत्र और प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, सम्मेलन को ट्रेंडिंग थीम के साथ जबरदस्त प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इस वर्ष का विषय सुरक्षित, विश्वसनीय और लागत प्रभावी बिजली उत्पादन के लिए ओ एंड एम प्रैक्टिस है। इस कार्यक्रम में बिजली मंत्रालय, सीईए, सीईआरसी, एनटीपीसी और अन्य के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन ऊर्जा पेशेवरों, शोधकर्ताओं, निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं और इंजीनियरों के लिए अपने प्रचालन व अनुरक्षण के अनुभवों, उभरती प्रौद्योगिकियों और सर्वोत्तम उद्योग प्रणालियों पर जानकारी साझा करने के लिए एक आदर्श मंच है। सम्मेलन में भारत और अन्य देशों के लगभग 75 विक्रेताओं के अलावा लगभग 700 प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। टेक्नोगैलेक्सी लगभग 44 निर्माताओं द्वारा विकसित किए जा रहे उत्पादों का प्रदर्शन करेगा।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202401020700217**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**

**हर्राटिकरा प.ह.न. 00024 (है0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-निशा सिंह,**
**अनावेदक पक्षकार- वरातु पि.शिवचरन,**

**ईश्तहार**

आवेदक निशा सिंह पत्नी निशांत सिंह, निवासी डेयरी फार्म रोड, गांधीनगर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम हर्राटिकरा स्थित खसरा नंबर 254/1 में से रकबा 0.020 है0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/03/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/01/2024 को जारी किया जाता है।

(सील) तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

# भारतीय शटलर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2024 के लिए तैयार





नई दिल्ली,13 फरवरी 2024। भारत की शटलर टीमें बुधवार को मलेशिया के शाह आलम में अपने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2024 अभियान की शुरुआत करेंगी। टूर्नामेंट मंगलवार को शुरू हुआ और मेजबान टीम अपने पुरुष एकल खिताब का बचाव करना चाहेगी। दिन के अंत में मलेशिया का मुकाबला ब्रुनेई से होगा।

यह टूर्नामेंट इस साल होने वाले थॉमस और उबेर कप के लिए एशियाई क्वालीफायर के रूप में काम करेगा। बैडमिंटन विश्व पुरुष और महिला टीम चैंपियनशिप 28 अप्रैल से 5 मई तक चेंगदू, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में होगी। महिला टीम चीन के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु जो पिछले कुछ वर्षों से फॉर्म के लिए संघर्ष कर रही हैं, अपनी लय में लौटने की कोशिश करेंगी। जबकि ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारत के लिए भी प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगी। भारत के पुरुष दल में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों के स्टार शटलर शामिल हैं। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सुर्खियों में रहेंगे, जबकि एशियाई खेलों के पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे।

पुरुष टीम अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को हांगकांग चीन के खिलाफ करेगी। गुरुवार को पुरुष टीम का मुकाबला चीन से होगा.भारत की पुरुष टीम एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, चिराग सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, ध्रुव कपिला, एमआर अर्जुन, सूरज गोला, पृथ्वी रॉय। भारत की महिला टीम पीवी सिंधु, अनमोल खरब, तन्वी शर्मा, अश्मिता चालिहा, ट्रीसा जॉली, गायत्री गोपीचंद, अश्विनी पोनप्पा, तनीषा क्रैस्टो, प्रिया देवी कोनजेंगबाम, श्रुति मिश्रा।

### समूह

पुरुष समूह एः पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, भारत, हांगकांग चीन
पुरुष समूह बीः मलेशिया, चीनी ताइपे, कजाकिस्तान, ब्रुनेई
पुरुष समूह सीः जापान, थाईलैंड, सिंगापुर, म्यांमार
पुरुष समूह डीः इंडोनेशिया, कोरिया गणराज्य, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब
महिला समूह डब्ल्यूः पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, भारत
महिला समूह : इंडोनेशिया, हांगकांग चीन, कजाकिस्तान
महिला समूह : थाईलैंड, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात महिला समूह : जापान, चीनी ताइपे, सिंगापुर।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लाबुशेन मार्श कप में क्वींसलैंड के लिए कप्तानी की शुरुआत करेंगे

क्वींसलैंड,13 फरवरी 2024। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुस्चगने को अपने करियर में पहली बार घरेलू प्रारूप में एक टीम का नेतृत्व करने का मौका मिलेगा, जब क्वींसलैंड ने उन्हें मार्श कप के अपने अंतिम गेम के लिए कप्तान घोषित किया। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया।



लाबुशेन पेशेवर क्रिकेट में पहली बार किसी टीम का नेतृत्व करेंगे क्योंकि कप्तान उस्मान ख्वाजा और उप-कप्तान जिमी पीरसन को खेल के लिए आराम दिया गया है।28 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिस्बेन टेस्ट के समापन के बाद एक भी मैच नहीं खेलने के बावजूद ख्वाजा न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए आराम कर रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज 29 फरवरी को वेलिंग्टन में शुरू होगी।

### दत्ताजीराव गायकवाड़ ने दुनिया को कहा अलविदा,बड़ौदा में हुआ निधन



नई दिल्ली,13 फरवरी 2024। मंगलवार को भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर और पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 95 साल के थे और भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय कोच अंशुमान गायकवाड़ के पिता थे।

परिवार के एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्होंने पिछले 12 दिनों से बड़ौदा के एक अस्पताल के आईसीयू (गहन चिकित्सा कक्ष) में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद आज सुबह अंतिम सांस ली। उन्होंने 1952 और 1961 के बीच भारत के लिए 11 टेस्ट खेले थे। उन्होंने 1959 में इंग्लैंड दौरे पर राष्ट्रीय टीम की कप्तानी भी की थी। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 1952 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण किया और उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 1961 में चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ था। गायकवाड़ ने रणजी ट्रॉफी में 1947 से 1961 तक बड़ौदा का प्रतिनिधित्व किया।

## विदेशी खिलाड़ियों के टूर्नामेंट से हटने का सिलसिला जारी



करांची,13 फरवरी 2024। पाकिस्तान की लीग यानी पाकिस्तान सुपर लीग से कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने नाम वापस ले लिए हैं। इतना ही नहीं कई क्रिकेट बोर्ड अपने खिलाड़ियों को इस लीग में भाग लेने की अनुमति देने से इनकार कर रहे हैं। पीएसएल 17 फरवरी से लाहौर में शुरू होने वाला है।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएसएल की सभी 6 टीमें इस बात से नाराज हैं कि विदेशी खिलाड़ी बांग्लादेश प्रीमियर लीग, आईएलटी 20 और एसए 20 लीग में खेलने का फैसला कर रहे हैं। इससे उनकी फ्रेंचाइजी को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। पीएसएल की टीम मुल्तान सुल्तांस ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही कई खिलाड़ियों को खो दिया है। ये ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें उन्होंने शुरू में आगामी सत्र के लिए साइन किया था। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टॉपले चोट के कारण हटने वाले सबसे पहले खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड एंव वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने साथ ही कहा कि उसने पीएसएल में खेलने के लिए टॉपले को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया है। कुछ अन्य बोर्ड भी पीएसएल के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के बारे में सोच रहे हैं। कुछ अन्य बोर्ड भी पीएसएल के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के बारे में सोच रहे हैं।

## गलत संकेत क्यों दे रहे हैं?

### बीसीसीआई ने केएल राहुल की फिटनेस पर उठाए सवाल

नई दिल्ली,13 फरवरी 2024। केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल को मौका दिया गया है। लेकिन इससे पहले उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन मैचों के लिए भारतीय स्क्वॉड में रखा गया था। राहुल अपनी चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। बीसीसीआई की प्रेस रिलीज के अनुसार, बल्लेबाज ठीक होने की राह पर थे और 90 प्रतिशत फिट थे और इसलिए तीसरे टेस्ट के लिए उसके नाम पर विचार नहीं किया गया।

बोर्ड ने एक प्रेस रिलीज में कहा, राहुल 90 प्रतिशत मैच फिटनेस तक पहुंच गए हैं और बीसीसीआई मेडिकल टीम की देखरेख में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। सीरीज 1-1 से बराबरी पर है राहुल एनसीए बेंगलुरु में कछ और समय बिताएंगे और संभवतः चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए लौट आएंगे। ऐसा कहने के बाद, इससे कुछ लोग नाराज हो गए हैं। वहीं बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम ना छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया कि, केएल राहुल ने अभी तक राजकोट में रिपोर्ट नहीं की है। स्थानीय रविंद्र जडेजा को टीम के साथ जोड़ा गया है। ये हमेशा फिटनेस से जुड़ा मामला था और बोर्ड की मेडिकल टीम को अभी भी भरोसा नहीं है कि वह मैच फिट है। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने पूछा कि, अगर बीसीसीआई की मेडिकल टीम को पहले से पता था कि राहुल की स्क्वॉड चोट इतनी गंभीर है जितनी दिख रही है, तो पहले उन्हें अस्थायी टीम में क्यों रखा गया। खिलाड़ी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी बल्लेबाजी के वीडियो पोस्ट करके गलत संकेत क्यों भेज रहा है।

## एफआईएच प्रो लीग 2023/24: भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड से भिड़ने के लिए तैयार

राउरकेला,13 फरवरी 2024। भारतीय महिला हॉकी टीम बुधवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 का अपना छठा मैच राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में नीदरलैंड से भिड़ेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अपने पांच मैचों में से चार में हार का सामना करना पड़ा है। चीन के खिलाफ अपने पहले मैच में 1-2 से हार झेलने के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड्स से 1-3 से और ऑस्ट्रेलिया से 0-3 से हार गई और फिर भुवनेश्वर में अपने अंतिम मैच में संयुक्त राज्य अमेरिका को 3-1 से हरा दिया। टांग। राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में, भारत ने खेल की शुरुआत में बढ़त ले ली, लेकिन चीन ने जोरदार वापसी करते हुए खेल 2-1 से जीत लिया।हमें वो नतीजे नहीं मिले जो हम चाहते थे लेकिन मेरा मानना है कि अच्छा प्रदर्शन करने और अपनी तरफ से कुछ अंक हासिल करने के लिए हमारे पास वो सब कुछ है जो ज़रूरी है। मुझे लगता है कि हम टुकड़ों में अच्छा खेल रहे हैं इसलिए अगर हम और अधिक सुसंगत हो सकते हैं भारतीय महिला हॉकी





कप्तान सविता ने कहा, हम निश्चित रूप से और अधिक गेम जीत सकते हैं। हालांकि विश्व की नंबर 1 टीम नीदरलैंड को भारतीय महिला हॉकी टीम पर बढ़त हासिल है, लेकिन नीदरलैंड ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी क्षमता की झलक दिखाई है। नतीजे भारत के पक्ष में नहीं रहे हैं, लेकिन जब वे बुधवार को डच टीम से खेलेंगे तो वे इसे पलट कर तालिका में ऊपर जाने की कोशिश करेंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, नीदरलैंड एक गुणवत्तापूर्ण टीम है लेकिन हमारे पास प्रतिभा या क्षमता की कमी नहीं है। हम अपनी हॉकी की तीव्रता को उच्च रखते हुए धैर्य रखेंगे और हमारे पास जो भी स्कोरिंग अवसर होंगे उन्हें भुनाने का प्रयास करेंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम 14 फरवरी को भारतीय समयानुसार शाम 19:30 बजे नीदरलैंड से भिड़ेगी।

## इंडियन वेटरन प्रीमियर लीगः हर्शल गिब्स रेड कार्पेट दिल्ली का नेतृत्व करेंगे

देहरादून,13 फरवरी 2024। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान बल्लेबाज हर्शल गिब्स काफी समय के बाद क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं, जब वह रेड कार्पेट दिल्ली के लिए टीम के कप्तान के रूप में मैदान में उतरेंगे। इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) का आगामी पहला संस्करण। क्रीज पर अपनी तेजतर्रार शैली के लिए जाने जाने वाले गिब्स रेड कार्पेट दिल्ली टीम में अनुभव और नेतृत्व का खजाना लेकर आते हैं। उनकी उपस्थिति निश्चित रूप से 23



फरवरी से 3 मार्च, 2024 तक देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले आईवीपीएल को उत्साहित करेगी। रेड कार्पेट दिल्ली टीम में गिब्स के साथ अफगानिस्तान के पूर्व क्रिकेटर असगर अफगान, श्रीलंका के ऑलराउंडर थिसारा परेरा और दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर इमरान ताहिर शामिल हैं, जो सभी आइकन खिलाड़ी के रूप में काम कर रहे हैं। पूर्व आईपीएल चैंपियन मनविंदर बिस्ला टीम की गहराई को बढ़ा रहे हैं। आईवीपीएल में शामिल होने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, हर्शल गिब्स ने कहा, ÷सभी को नमस्कार, हर्शल गिब्स यहां हैं और मैं यह घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हूं कि मैं इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) में खेलूंगा। मैं रेड कार्पेट का प्रतिनिधित्व करूंगा।

## बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी मैचों के लिए खिलाड़ियों की भागीदारी अनिवार्य कर दी



नई दिल्ली,13 फरवरी 2024। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन खिलाड़ियों के खिलाफ एक निर्णायक कार्रवाई की है जो रणजी ट्रॉफी में भाग लेने के बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। खिलाड़ियों के बीच अनुशासन पैदा करने के मकसद से, बीसीसीआई ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के साथ-साथ अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए उपलब्ध रहना अनिवार्य कर दिया है।

क्रिकबज के अनुसार, खिलाड़ियों को ईमेल के जरिए भेजे गए निर्देश में राष्ट्रीय टीम का हिस्सा या बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास से गुजर रहे खिलाड़ी शामिल नहीं हैं। भारतीय क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी के आगामी दौर के लिए अपनी राज्य टीमों में शामिल होने के लिए बाध्य किया है।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने एक बयान जारी कर कहा खिलाड़ी केवल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल को प्राथमिकता नहीं दे सकते। उन्हें खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखना होगा और अपनी संबंधित राज्य टीमों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना होगा।

## तेजस्वी प्रकाश की हॉट तस्वीरें वायरल



टेलीविजन स्टार तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इसमें तेजस्वी आउटिंग के लिए क्लासी ब्लैक ब्लेज़र-स्टाइल ड्रेस में नजर आ रही हैं। पोशाक में एक साहसी प्लंजिंग वी-नेकलाइन और न्यूनतम सेक्विन अलंकरण थे, जो ग्लैमर का स्पर्श जोड़ते थे। तेजस्वी ने खुले पैर की ऊँची एड़ी के जूते और काले और सफेद झुमके के साथ पोशाक को पूरा किया। उनकी अंगूठियां और काली नेल पॉलिश उनके पहनावे से बिल्कुल मेल खा रही थी। उसके मेकअप को ताजा और चमकदार बनाए रखा गया था, जिसमें हाइलाइटर का भरपूर प्रयोग किया गया था, जिससे उसकी सुंदर विशेषताएं और भी निखार गई थीं। उसके होठों और आँखों पर गुलाबी रंग की हल्की परत ने उसके लुक में सही मात्रा में रंग भर दिया। अंत में, उसकी बेदाग स्टाइल वाली, साफ-सुथरी पोनीटेल ने उसके पहनावे को परफेक्ट फिनिशिंग टच प्रदान किया।

## अक्षय की 'सोरारई पोटरू' टाइटल के हिंदी रीमेक की घोषणा



अक्षय कुमार अभिनीत हिट तमिल फिल्म 'सोरारई पोटरू' के आगामी हिंदी रीमेक के निर्माताओं ने फिल्म के शीर्षक और इसकी आधिकारिक रिलीज की तारीख की घोषणा की है। 'सोरारई पोटरू' के हिंदी वर्जन का नाम 'सरफिरा' रखा गया है। इंस्टाग्राम पर अक्षय ने फिल्म का एक छोटा सा टीज़र साझा किया, जिसे उन्होंने कैप्शन दिया, इतने बड़े सपने देखो, वे तुम्हें पागल कहते हैं! स़सरफिरा केवल 12 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म 12 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। स्टार्टअप और विमानन की दुनिया पर आधारित एक अविश्वसनीय कहानी, सरफिरा आम आदमी को बड़े सपने देखने और अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करने के लिए तैयार है, भले ही दुनिया आपको पागल कहे। सरफिरा वर्ग, जाति और शक्ति की गतिशीलता में उलझी व्यवस्था के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने को चुनौती देने वाले एक दलित व्यक्ति की धैर्य, दृढ़ संकल्प और जुगाड़ की एक अनूठी भारतीय कहानी है। सुधा और शालिनी उषादेवी द्वारा लिखित, पूजा तोलानी के संवाद और जी.वी. प्रकाश कुमार संगीतमय, सरफिरा का निर्माण अरुणा भाटिया (केप ऑफ गुड फिल्म्स), साउथ सुपरस्टार सूर्या और ज्योतिका (2डी एंटरटेनमेंट) और विक्रम मल्होत्रा द्वारा किया गया है। साउथ एक्टर सूर्या ने 'सोरारई पोटरू' में मुख्य भूमिका निभाई थी, वह 'सरफिरा' में गेस्ट अपीयरेंस रोल में भी नजर आएंगे। इसके अलावा टाइगर श्रॉफ के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में भी नजर आएंगी, जो ईद 2024 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## सारा अली खान की 'ऐ वतन मेरे वतन' 21 मार्च को होने वाली है डिजिटली रिलीज



विश्व रेडियो दिवस पर, आगामी फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' के निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म 21 मार्च को डिजिटल रूप से रिलीज होगी। तारीख का खुलासा एक मोशन पिक्चर के साथ किया गया, जिसमें उषा के रूप में मुख्य अभिनेत्री सारा अली खान की आवाज थी, जो एक गुप्त रेडियो के माध्यम से देश को ब्रिटिश राज के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह कर रही थी। कन्नन अय्यर द्वारा निर्देशित यह फिल्म दरब फारूकी और अय्यर द्वारा लिखी गई है। इसमें सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओ'नील और आनंद तिवारी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं और इमरान हाशमी एक विशेष अतिथि भूमिका में हैं ऐ वतन मेरे वतन' एक काल्पनिक कहानी है जो एक साहसी युवा लड़की के नेतृत्व वाले एक भूमिगत रेडियो स्टेशन के बारे में दिलचस्प कहानी बताती है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की दिशा बदल दी। स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की उल्लेखनीय यात्रा से प्रेरणा लेते हुए, यह फिल्म प्रसिद्ध और गुमनाम दोनों नायकों को श्रद्धांजलि देती है।

## पॉपुलर शो इमली में नया ट्विस्ट, दर्शकों को देखने मिलेगा ड्रामा



टीवी का सबसे पसंदीदा शो इमली दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है। इस शो में अद्रिजा रॉय और साई केतन राव मुख्य भूमिका में हैं। सोमवार से शो के आने वाले एपिसोड में दर्शकों को हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिलेगा, क्योंकि शो के आने वाले ट्रैक में साईं केतन राव एक पुलिसकर्मी के अवतार में नजर आएंग। साईं केतन राव का नया अवतार हाल ही में एक्टर के शो छोड़ने की खबर सामने आई थी, लेकिन समय के साथ ये साफ हो गया कि वो शो का हिस्सा बने रहेंगे। इस खबर के बाद फैंस भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। इसी बीच शो मेकर्स ने एक नया प्रोमो भी जारी किया है, जिसमें सई केतन राव के पुलिस अवतार में नजर आ रही है। अभिनेता शो में सूर्य प्रताप रेड्डी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अगस्त्य की मृत्यु हो जायेगी प्रोमो में अगस्त्य के निधन को दिखाया गया है और दूसरी तरफ इमली और अगस्त्य के हमशक्ल सूर्य प्रताप रेड्डी का आमना-सामना देखा जा सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि अब इमली और सूर्या की जिंदगी में क्या ड्रामा सामने आएगा। यह शो रात 8.30 बजे स्टार प्लस पर देखें। इस प्रोमो को देखने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा-इस नए किरदार को देखने के लिए उत्साहित हूं. एक अन्य यूजर ने लिखा-क्या बात है? ये सीरियल टीआरपी लिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए है।

C M Y K

# क्वांटिफायबल डाटा मामले में पूर्व सीएम को घेरा

## क्वांटिफायबल डाटा को लेकर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल पर लगाए गंभीर आरोप

» यह भूपेश बघेल का है डाटा करप्शन
» पूर्व सीएम ने क्या दिया जवाब

**रायपुर,13 फरवरी 2024(ए)।** पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जिस क्वांटिफाइबल डाटा आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक किए बगैर उसके आधार पर विधानसभा में आरक्षण (संशोधन) विधेयक पारित कराया, वह मामला विधानसभा में गूंजा। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने विधानसभा में सवाल किया कि क्या आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक होगी? मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पर विचार करने की बात कही है।

### अजय चंद्राकर ने किया ये सवाल

विधानसभा में अजय चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सवाल किया कि क्वांटिफायबल डाटा आयोग कब और किन उद्देश्यों से गठित किया गया? उसका कार्यकाल कितनी अवधि का था? उसके कार्यकाल को कितनी बार बढ़ाया गया और अंतिम बार कितनी अवधि के लिए कब तक बढ़ाया गया? रिपार्ट राज्य सरकार को कब सौंपी गई? किन-किन संस्थाओं को देनी थी? इसके चेयरमेन व सदस्य कौन-कौन थे तथा इनको क्या-क्या सुविधायें दी गयी एवं कितनी राशि व्यय की गयी?

### सार्वजनिक नहीं की गई रिपोर्ट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जवाब में बताया कि क्वांटिफायबल डाटा आयोग का गठन सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा 11 सितंबर 2019 द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्गों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण कर क्वांटिफायबल डाटा एकत्रित किया जाना था। इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई थी।




### 10 बार बढाया गया कार्यकाल,इतने हुए खर्च

आयोग का कार्यकाल छह माह में प्रतिवेदन शासन को सौंपने हेतु गठन किया गया था, किन्तु प्रतिवेदन अपेक्षित होने के कारण आयोग का कार्यकाल 10 बार बढ़ाया गया, अंतिम बार 2 महीने की अवधि के लिए 31 दिसंबर 2022 तक के लिये बढ़ाया गया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट/प्रतिवेदन 21 नवंबर 2022 को राज्य सरकार को सौंपी। आयोग के चैयरमेन सेवानिवृत्त जिला एवं सेशन जज थे। वहीं कोई सदस्य नियुक्त नहीं किया गया था। अध्यक्ष के मानदेय और अन्य सुविधाओं में 1 करोड़ 7 लाख 6 हजार रूपये खर्च किये गए। आयोग के प्रतिवेदन में अनुशंसा नहीं बल्कि निष्कर्ष दिए गए थे, जिसके आधार पर आरक्षण (संशोधन) विधेयक पारित कराया गया था।

### चंद्राकर ने लगाया ये आरोप..

विधानसभा में शासन की ओर से जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करने पर विचार करेंगे। इस दौरान अजय चंद्राकर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार ने राजनीति के लिए क्वांटिफायबल डाटा बनाया गया था, किस डाटा का क्या उपयोग किया, भूपेश बघेल के अलावा कोई नहीं जानता, प्रदेश की जनता को अधिकार है कि क्या वस्तु स्थिति है क्वांटिफिएबल डाटा का, यह कोई राजनीति का विषय नहीं है। अजय चंद्राकर ने आरोप लगाया कि यह भूपेश बघेल का डाटा करप्शन है।

## कांग्रेस सरकार में किस प्रकार से छत्तीसगढ़ को लूटा है, : अग्रवाल

टैक्स पेयर की गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वालों को मिलेगी सजा

रायपुर। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मैंने कहा था कांग्रेस सरकार के काले कारनामे उजागर होंगे। कांग्रेस सरकार में किस प्रकार से छत्तीसगढ़ को लूटा है, कैसे खजाने में डकैती डाली है। सामने आ रहा है। आज के प्रश्न में भी आबकारी मामले में मुख्यमंत्री ने बताया।

आबकारी राजस्व में कमी के मामले को लेकर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मामले में बड़े-बड़े लोग जेल में है। छत्तीसगढ़ के टैक्स पेयर की गाढ़ी कमाई पैसे में डाका डालने वालों को सजा मिलेगी।

जो राजस्व 2021 में आता था, वह 2022-23 में वह कम हो गया। यह छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ धोखा विश्वासघात है। छत्तीसगढ़ की खजाने के साथ चोरी-डकैती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पहले भी ईडी ने शराब घोटाले को पकड़ा है।

## शराब ब्रिकी का मामला, राजस्व में भारी कमी, देर रात तक खुल रहे बार

### 2022-23 में केवल 24 लाख ऑनलाइन शराब बिक्री से राजस्व मिला

विधानसभा के प्रश्नकाल में भाजपा विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने शराब दुकानों से मिलने वाले राजस्व का मामला उठाया। धरमलाल कौशिक ने पूछा कि साल 2021-22 में 52 करोड़ 27 लाख और साल 2022-23 में केवल 24 लाख ऑनलाइन शराब बिक्री से राजस्व मिला।

आखिर ऐसा कैसे हो गया, क्या इसकी जांच कराएंगे? जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले की जांच कराई जायेगी। वहीं धरमलाल कौशिक ने कहा कि राजधानी के वीआईपी रोड में टाइम लिमिट से ज्यादा वक्त तक बार खुल रहे हैं, गोली चल रही है, घटनाएं घट रही है। इस पर सख्ती करेंगे? रात-रात तक लड़के लड़कियां नाच रहे हैं। जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले की जांच करवायी जायेगी। सख्ती से नियमों का पालन करने निर्देश दिए जाएगे।

## पीडीएस राशन दुकानों में गड़बड़ी का मुद्दा

### सत्ता पक्ष के विधायक ने पूछा संचालक राशन के बदले हितग्राहियों को पैसा देते हैं इसपर सरकार क्या कार्रवाई करेगी, मंत्री ने दिया यह जवाब

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज पीडीएस राशन दुकानों में गड़बड़ी का मामला उठा। सत्ता पक्ष के विधायक मोतीलाल साहू ने प्रश्नकाल में पूछा कि प्रदेश के कई पीडीएस संचालक राशन के बदले हितग्राहियों को पैसा देते हैं। ऐसे कार्यों पर रोक लगाने के लिए सरकार क्या कर रही है और ऐसे दुकान संचालकों पर सरकार क्या कार्रवाई करेगी। जवाब में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि राशन कार्ड को आधार से लिंक किया जा रहा है ये कार्य 98 प्रतिशत पूरा हो चुका है। पीडीएस की गड़बड़ी रोकने निगरानी टीम बनाई गई है, जो जांच के बाद दोषी दुकान संचालक पर कार्रवाई करती है।

## पांच दिन मंत्री कार्यालय में बैठेंगे मंत्री,करेंगे जनदर्शन



**रायपुर,13 फरवरी 2024(ए)।** भाजपा संगठन कार्यालय से फरमान जारी किया गया है। अब सप्ताह में 5 दिन साय केबिनेट के मंत्री बीजेपी कार्यालय में बैठेंगे। मंत्री जनदर्शन भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में जनसमस्या सुनेंगे और निदान भी करेंगे। आज से सहयोग केंद्र की शुरुआत हो रही है। जिसमें सप्ताह में 5 दिन मंत्री कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ता व जनता की समस्याओं से अवगत होंगे और उनके निदान हेतु कार्य करेंगे।

## सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में पूर्व सीएम के बच्चे का नाम

### जांच के बाद होगी कार्रवाई : मंत्री केदार कश्यप

**रायपुर,13 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में पीएससी मामलों को लेकर भाजपा शुरू से ही कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर रही है। वर्तमान में भाजपा सरकार बनने के पश्चात मामले में सीबीआई जांच करवाई जा रही है। आज वन मंत्री केदार कश्यप ने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था। इनके शासनकाल में पीएसएसी में होनहार बच्चों का चयन नहीं किया गया। अयोग्य प्रतिभागियों का चयन कर दिया गया। मंत्री ने कहा कि ये गड़बड़ी पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पीएससी चेयरमैन टामन सोनवानी ने की है। सरकार के सरंक्षण के बिना गड़बड़ी नहीं हो सकती।

वन मंत्री ने पूर्ववर्ती भूपेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में सीबीआई को बैन कर दिया था। भूपेश सरकार नहीं चाहती थी कि उनके भ्रष्टाचार की जांच हो। भाजपा सरकार आने के बाद मामले को सीबीआई को सौंपा गया है। अब भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जांच होगी। मामले में कड़ी कार्रवाई होगी। दोषियों को बख्शा नही जाएगा।

मंत्री कश्यप ने कहा कि एक ही परिवार के तीन चार लोगों का चयन सरनेम बदलकर किया गया। इन लोगों ने सीजीपीएससी को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था। उनकी कोशिश थी कि टॉपर उनके परिवार के हो। टॉपरों की सूची में कांग्रेस परिवार और अफसरों के बच्चे आए थे। इस पर कांग्रेस सरकार का हाथ था। ये प्रदेश के लिए दुर्भाग्य की बात है। कांग्रेस नेताओं ने सिस्टम हाथ में लेकर समर्थक अधिकारियों के बच्चों का चयन कराया गया। ऐसा कर होनहार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया।



### पीएससी सहित व्यापम भर्तियों के मामले में भी गड़बड़ी की आशंका

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सीएमओ, सहायक प्राध्यापक के परीक्षा में पूर्व सीएम के बच्चों का नाम है। सीबीआई की जांच रिपोर्ट सामने आएगी तो इसका खुलासा होगा।


वन मंत्री ने कहा कि पीएससी के अलावा भ्रष्टाचारियों की नजर व्यापमं पर भी पड़ी होगी। पीएससी मामले में जांच के बाद कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं व्यापमं में भी अगर कोई गड़बड़ी हुई होगी तो इस पर भी कार्रवाई होगी। मंत्री ने कहा कि कई पद ऐसे है, जिस पर स्थानीय लोगों का चयन होना चाहिए। लेकिन इसमें दूसरे प्रदेशों के लोगों की भर्ती हुई है, जिस पर मुझे आपत्ति है। इसलिए चयन के बाद नियुक्ति नहीं हुई है। मंत्री ने कहा कि नौकरियों में छत्तीसगढ़ के स्थानीय लोगों को नौकरी मिलनी चाहिए। हमारे सरकार में युवाओं के साथ अन्याय नहीं होगा। कोशिश करेंगे कि जल्द कार्रवाई करें, जो पात्र हो, उसको विभाग में नौकरी प्रदान करेंगे।

## धोखाधड़ी मामले में एन एम डीसी अधिकारी गिरफ्तार

**दंतवाड़ा,13 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में चेक बाउंस के मामले में एनएमडीसी अधिकारी विकास देवांगन को जेल भेज दिया गया। पूर्व में एनएमडीसी किरंदुल में पदस्थापना के दौरान किरंदुल एवं बचेली निवासी कई लोगों से उन्होंने लाखों रुपये लिया था। बदले में ब्लैंक चेक दिया था, लेकिन कई वर्षों तक लोगों द्वारा पैसों की मांग करने के बावजूद विकास देवांगन ने किसी को भी पैसा वापस नहीं किया।इसी बीच वह एनएमडीसी किरंदुल से स्थानांतरण होकर एनएमडीसी प्रोजेक्ट दोनामलाई (कर्नाटक) चला गया था। पैसा वापस नहीं करने पर पीड़ितों ने विकास देवांगन के विरूद्ध न्यायालय में चेक बाउंस का केस दर्ज कराया था, जिसमें न्यायालय द्वारा छह गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। जिस पर किरंदुल पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए गिरफ्तारी के लिए दीगर राज्य जाने पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर एनएमडीसी प्रोजेक्ट दोनामलाई (कर्नाटक) जाकर आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय बचेली, जिला दंतेवाड़ा में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को उसे जेल भेज दिया गया।

## मिड डे मील खाने से लगभग दर्जनों बच्चे हुए बीमार

**सक्ति,13 फरवरी 2024(ए)।** इस वक्त सक्ति से बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल जिले में मिड डे मील खाने से लगभग दर्जनों



बच्चे बीमार पड़ गए। उन्हें पेट मे दर्द सहित चक्कर आने और उल्टी की शिकायत शुरू हो गई, जिसके बाद इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई है।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से युवक की मौत

» मृतक के परिवार को 10 लाख 78 हज़ार रुपये मुआवजा देने हाई कोर्ट का आदेश
» मृतक के परिवार को 10 लाख 78 हज़ार रुपये मुआवजा देने हाई कोर्ट का आदेश
» करंट से युवक की मौत-हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने माना बिजली विभाग की लापरवाही
»निचली अदालत के फैसले को किया रद,विभाग के तर्क को किया खारिज



**बिलासपुर,13 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने एक महत्वपूर्ण आदेश में करंट से मौत के मामले में मृतक के परिवार को मुआवजे के तौर पर 10 लाख 78 हज़ार रुपये देने का निर्देश बिजली विभाग को दिया है। डिवीजन बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता को केवल इसलिए मुआवजे से वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि उन्होंने समय सीमा के बाद याचिका दायर की थी। खासकर तब जब बिजली विभाग की ओर से लापरवाही स्पष्ट हो रही है।

## मुख्यमंत्री ने मातृ-पितृ पूजन दिवस की दी बधाई

**रायपुर,13 फरवरी 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को मातृ-पितृ पूजन दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा है कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने और संस्कृति को सहेज कर रखने के लिए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन मातृ-पितृ दिवस मनाने का निर्णय लिया है।

## आपकी गाड़ी अब बीएच सीरिज से होगी रजिस्टर्ड

» छत्तीसगढ़ सरकार ने जारी किया आदेश, सस्ती होंगी इस सीरीज की गाड़ियां
» भारत सरकार ने बीएच सीरीज से रजिस्टर्ड वाहनों के लिए शर्तें आसान कर दी हैं। जिसके चलते इस सीरीज के वाहन सस्ते होंगे।




**रायपुर,13 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में नए दोपहिया और चारपहिया वाहनों के पंजीयन के संबंध में सरकार ने नया आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के मुताबिक प्रदेश में अब गाड़ी यों के नंबर ‍े लेट पर सीजी के ‍े थान पर बीएच लिखा होगा।


उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की कैबिनेट की 31 जनवरी को हुई बैठक में राज्य में भारत (बीएच) सीरीज के वाहन पंजीयन लागू कराए जाने का निर्णय लिया गया था। भारत सरकार द्वारा लागू बीएच सीरीज के तहत दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए एक बार में दो वर्ष का टेक्स जमा कराना होगा। बीएच सीरिज नए वाहनों के लिए जारी किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से पुरानी गाड़ियों के नंबर पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बताया जा रहा है कि सीजी सीरीज की तुलना में बीएच नंबर वाली गाड़ियां सस्ती पड़ेंगी। वजह यह है कि सीजी सीरिज में वाहनों का लाइफ टाइम टैक्स वसूला जाता है। साथ ही 28 प्रतिशत जीएसटी भी लगता है। वहीं, बीएच सीरिज में केवल दो वर्ष का टैक्े स लगेगा। इससे महंगी चारपहिया वाहनों की कीमत में लाख रुपये से अधिक का अंतर आ सकता है।

## टायर फटने से युवक की हुई मौत

### कई फीट ऊपर उछला युवक

**बालोद,13 फरवरी 2024(ए)।** जिले में अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के कुर्दी गांव में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. दरअसल यहां एक ट्रैक्टर के टायर का डिस्क बदलते समय टायर फट गया. इस दौरान डिस्क बदल रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई. जिसने भी यह घटना देखा वह स्तब्ध रह गया. घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची अर्जुंदा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

जानकरी के मुताबिक मृतक का नाम तुलेश मानिकपुरी (उम्र 25 साल) पिता गयादास मानिकपुरी है जो कि कोंगनी गांव का रहने वाला था. आज वह ट्रैक्टर के ट्रॉली के पिछले चक्के का डिस्क खराब होने के चलते उसे बनाने के लिए अपने गांव कोंगनी से ग्राम कुर्दी आया हुआ था. जहां देवांगन ऑटो पार्ट्स में वह खुद ही डिस्क को चेंज करने के लिए टायर से बोल्ट



खोल रहा था.

प्रत्यक्षदर्शियों के तुलेश टायर में लगे तीन बोल्ट खोल चुका था लेकिन टायर से हवा नहीं निकाले जाने की वजह से अचानक टायर फट गया और टायर में मौजूद हवा के तेज प्रेशर की वजह से तुलेश 25 फीट ऊपर उछलकर नीचे आ गिर गया. इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

## नक्सलियों ने अगवा किए ठेकेदार व मजदूरों को किया रिहा

**सुकमा,13 फरवरी 2024(ए)।** जगरगुंडा इलाके में अपहृत चार लोगों को नक्सलियों ने छोड़ दिया है । नक्सलियों के कब्जे से छूटकर वे अपने अपने घरों की ओर वापस लौट रहे हैं। बताया जा रहा है कि अपहृत लोगों में से एक ने अपने घर पर फोन करके अपने माता पिता से बात करते हुए अपनी सलामती की सूचना दी है। उनसे कहा है कि हम नक्सलियों के कब्जे से छूटकर वापस लौट रहे हैं। मजदूर और ठेकेदार की सकुशल रिहाई के बाद उनके परिजनों में खुशी की लहर है. वे बड़े ही बेसब्री से मजदूरों और ठेकेदार का इंतजार अपने अपने घरों में कर रहे हैं।बता दें कि बीते 11 जनवरी को नक्सली गांव से 4 लोगों को अगवा कर अपने साथ ले गए थे. इनमें से तीन मजदूर थे और एक ठेकेदार था. नक्सली ठेकेदार



की जेसीबी भी साथ ले गए थे । जानकारी के मुताबिक ठेकेदार नल जल मिशन योजना पर काम करा रहा था जिस गांव से चारों को अगवा किया गया है ये गांव जगरगुंडा थानाक्षेत्र के सिंगराम का है । यह इलाका घोर नक्सली प्रभावित क्षेत्र है. यह बीजापुर और सुकमा का सरहदी इलाका है। सुकमा में नक्सली लगातार सक्रिय हैं । बीते 30 जनवरी को भी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर बड़ा हमला किया था. इस गोलीबारी में 3 जवान शहीद हुए थे. वहीं 14 जवान घायल थे । घायल जवानों को इलाज के लिए एयरलिफ्ट किया गया था । दरअसल, 30 जनवरी को कोबरा और एसटीएफ ने नक्सलियों के कोर इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया था । इस दौरान जवानों की दस्तक होते ही नक्सलियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी थी।

## आईएएस बंसल को केंद्र सरकार ने रिलीव किया



### वित्त मंत्रालय में जॉइंट सिक्रेट्री

**रायपुर,13 फरवरी 2024(ए)।** 2005 बैच के आईएएस बंसल को केंद्र सरकार ने रिलीव कर दिया है। बंसल 2020 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे। केंद्र में वे वित्त मंत्रालय में जॉइंट सिक्रेट्री थे।आईएएस मुकेश बंसल छत्तीसगढ़ लौट रहे हैं। यहां उन्हें मंत्रालय में किसी बड़े प्रमुख पद पर नियुक्ति तय मानी जा रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)